दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित
वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, रविवार, 14 सितम्बर, 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

देश का Darpan News TV
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

## मणिपुर: मैं आपके साथ हूं शांति का रास्ता अपनाएं: मोदी

**इंफाल**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर का दौरा किया। दो साल पहले भड़की हिंसा के बाद पीएम मोदी का यह इस पूर्वोत्तर राज्य का पहला दौरा है। उन्होंने मणिपुर के चुराचांदपुर में विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने मणिपुर के लोगों से वादा करते हुए कहा, 'मैं आपके साथ हूं, भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है।' उन्होंने कहा, 'मैं मणिपुर के लोगों के जज्बे को सलाम करता हूं। भारी बारिश के बावजूद आप इतनी बड़ी संख्या में यहां एकत्रित हुए हैं और मैं आपके प्यार और स्नेह के लिए तहे दिल से आभारी हूं। जब मौसम की वजह से मेरा हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका, तो मैंने सड़क मार्ग से यात्रा करने का विकल्प चुना। सड़क किनारे लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर मेरा स्वागत किया। मुझे जो गर्मजोशी और प्यार मिला, उसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। मैं मणिपुर के लोगों के प्रति सम्मानपूर्वक अपना सिर झुकाता हूं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मणिपुर की धरती आशा और आकांक्षाओं की धरती है। दुर्भाग्य से इस खूबसूरत क्षेत्र पर हिंसा का साया पड़ गया है। कुछ समय पहले मैं राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोगों से मिला।



### 'मणिपुर की ये धरती हौसलों और हिम्मत की धरती'



पीएम ने कहा, 'मणिपुर की ये धरती हौसलों और हिम्मत की धरती है। ये हिल्स... प्रकृति का अनमोल उपहार हैं, और साथ ही ये हिल्स आप सभी लोगों की निरंतर मेहनत का भी प्रतीक हैं। मणिपुर के नाम में ही मणि है, ये वो मणि है, जो आने वाले समय में पूरे नॉर्थ-ईस्ट की चमक को बढ़ाने वाली है। मणिपुर की सीमा अन्य देशों से लगती है और यहां कनेक्टिविटी हमेशा से एक चुनौती रही है। मैं समझता हूं कि खराब कनेक्टिविटी के कारण आपको किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए 2014 से मैंने मणिपुर में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर बहुत जोर दिया है। इसके लिए भारत सरकार ने दो स्तरों पर काम किया है।

### मणिपुर में आशा और विश्वास का एक नया सवेरा उग रहा: मोदी

**पीएम** ने कहा कि मिलने के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास का एक नया सवेरा उग रहा है। कहीं भी विकास की जड़ें जमाने के लिए शांति आवश्यक है। पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में कई संघर्षों और विवादों का समाधान हुआ है। लोगों ने शांति का मार्ग चुना है और विकास को प्राथमिकता दी है। हमें संतोष है कि हाल ही में पहाड़ियों और घाटियों में विभिन्न समूहों के साथ समझौतों पर बातचीत हुई है। ये भारत सरकार के प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनमें संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। मैं सभी संगठनों से शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की अपील करता हूं। मैं आपके साथ हूं, भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है।' पीएम मोदी ने कहा, 'भारत सरकार मणिपुर की विकास यात्रा को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी भावना से मैं आज आपके बीच आया हूं। आदिवासी समुदायों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार लाएंगी।

### यूपीआईटीएस: इंडिया एक्सपो मार्ट में लगेगा विकास और निवेश का महाकुंभ

**लखनऊ**
योगी सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश अब निवेश और औद्योगिक विकास का नया केंद्र बन चुका है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 में भी इसकी एक झलक देखने को मिलेगी। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले इस मेगा शो के मास्टर एग्जिबिशन लेआउट के अनुसार प्रदेश के प्रॉयरिटी सेक्टर्स, राइजिंग सेक्टर्स और चैंपियन सर्विसेज सेक्टर्स को विशाल क्षेत्रफल अलॉट किया गया है। योगी सरकार ने यूपीआईटीएस को न सिर्फ प्रदेश का, बल्कि देश का एक भविष्य निर्धारक निवेश मंच बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

## राष्ट्रहित में लिया गया निर्णय है हमारी संस्कृति: योगी
### प्रदेश के पहले एडवांस्ड न्यूरो साइंसेज सेंटर का किया उद्घाटन

**लखनऊ**
हमारे जीवन की तीन स्थितियां होती हैं, जिसमें पहली प्रवृत्ति, दूसरी विकृति और तीसरी संस्कृति होती है। इसमें स्थिति का यथारूप रहना प्रवृत्ति है। इंसान परिवर्तन तो चाहता है, लेकिन परिवर्तन करने के लिए अपने आपको तैयार करने में हिचकता है। वहीं अगर कोई संस्थान या इंसान लगातार गिरावट की ओर जाता है तो यह विकृति होती है। इसी कड़ी में अगर एक व्यक्ति निर्णय लेता है। उसका निर्णय व्यापक जनहित और राष्ट्रहित में है, तो उसका निर्णय संस्कृति है। इसी संस्कृति का एक बेहतरीन उदाहरण डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान है।



संस्थान ने महज 19 वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1,375 बेड का विस्तार किया है।

**हमें काम की गति से दो कदम आगे चलने के लिए तैयार रहना चाहिये**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और व्यक्ति की गति काल की गति है। हमें काल की गति से दो कदम आगे चलने के लिए तैयार रहना चाहिये।
उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति, समाज या देश काल की गति को पहचान नहीं पाता है, वह काल की चपेट में स्वयं आ जाता है क्योंकि काल की गति तो वही है, जिसके बारे में डॉ. श्याम नारायण पांडेय ने कहा था कि ये महाकाल का आसन है।

## 'जमानत एवं अग्रिम जमानत की याचिकाओं का निपटारा 6 माह में हो'

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाईकोर्ट और निचली अदालतों को निर्देश दिया है कि वह जमानत और अग्रिम जमानत की याचिकाओं का निपटारा छह महीने के भीतर करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा, उच्च न्यायालयों के साथ अधीनस्थ न्यायालयों को भी जमानत और अग्रिम जमानत की याचिकाओं का निपटारा कम समय सीमा के भीतर करना चाहिए। अधिमानतः तीन से छह महीने के भीतर। पीठ ने कहा कि सीधे तौर पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित आवेदनों को वर्षों तक लंबित नहीं छोड़ा जा



सकता। न्यायालय ने कहा कि लंबे समय तक देरी न केवल दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के उद्देश्य को विफल करती है, बल्कि अनुच्छेद 14 और 21 में निहित सांविधानिक मूल्यों के विपरीत, न्याय से वंचित करने के समान है। न्यायालय ने कहा कि जमानत और अग्रिम जमानत आवेदनों पर उनके गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

### हाईकोर्ट के रवैये की आलोचना


न्यायालय ने कहा, हम इस प्रथा की निंदा करते हैं। हाईकोर्ट ने कथित जालसाजी और अवैध भू हस्तांतरण से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज मामले में तीन आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। दो आरोपियों ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा लेकिन उसने छह साल तक आवेदनों को लंबित रखने के लिए हाईकोर्ट की आलोचना की।

### हिमाचल: 1,789 महिलाएं बनेंगी पंचायत प्रधान

**शिमला**
हिमाचल प्रदेश में इस बार 1,789 महिलाओं के हाथ में ग्राम पंचायत प्रधान की कमान होगी। वर्ष 2020 में हुए पंचायत चुनाव में 1,808 महिलाओं के हाथ में ग्राम पंचायतों की कमान थी। हाल ही में सरकार ने करीब 44 पंचायतों को नगर पंचायत बनाया है, जबकि योल कैंट से कट कर भी चार नई ग्राम पंचायतें बनी हैं। बीते पंचायत चुनाव की तुलना में अब प्रदेश में 3,577 ग्राम पंचायतें हैं। जयराम सरकार के कार्यकाल में पंचायतों की संख्या 3,615 थी। पंचायतों की संख्या कम होने से करीब 19 ग्राम पंचायतों में महिला नेतृत्व कम होगा। ग्राम पंचायतों की 50 फीसदी सीटों पर ही महिला आरक्षण तय करने के लिए ब्लॉक को इकाई माना गया है।

## दुनिया को मैं छोड़कर हम को समझना होगा: आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

**नागपुर**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि लोगों (अमेरिका) को डर है कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा, इसलिए टैरिफ लगाए जा रहे हैं। भागवत ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम वो लोग उठाते हैं, जो खुद को हमेशा चर्चा में देखना चाहते हैं। भागवत ने ये बातें नागपुर में ब्रह्माकुमारी विश्व शांति सरोवर के 7वें स्थापना दिवस पर कहीं। दरअसल ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान किया था। यह 7 अगस्त को लागू हुआ। वहीं रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया, जो 27 अगस्त



से लागू हुआ। ट्रम्प का कहना था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर खुले मार्केट में बेच रहा है। इससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भागवत ने आगे कहा कि जब तक मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप को नहीं समझेंगे, तब तक उन्हें और देशों को समस्याओं का सामना करना पड़ता रहेगा। अगर हम दया दिखाएं और डर पर काबू पा लें, तो हमारा कोई दुश्मन नहीं रहेगा। आज दुनिया समाधान खोज रही है, क्योंकि अपनी अधूरी दृष्टि के कारण वह आगे का रास्ता नहीं खोज पा रही है। उनके सिर्फ मैं वाले दृष्टिकोण के कारण उनके लिए रास्ता खोजना असंभव है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत देश महान है और भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि भारत बड़ा है लेकिन यह और भी बड़ा होना चाहता है। भारतीयों में अपनेपन की प्रबल भावना होती है। कठिनाई और दुख में भी, यहां के लोग अपनेपन की इसी भावना के कारण संतुष्ट रहते हैं। अमेरिकी टैरिफ विवाद के बीच भागवत ने 16 दिन पहले कहा था कि आत्मनिर्भरता जरूरी है, देश आत्मनिर्भर होना चाहिए।

## खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक खेलों में पदक जीतना होना चाहिए: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक खेलों में पदक जीतना होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2036 के ओलम्पिक खेलों में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश सरकार ओलम्पिक खेलों की तैयारियों में अभी से लग गई है। मुख्यमंत्री पंचकूला में योनेक्स-सनराइज अश्वनी गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 के उद्घाटन समारोह में देश भर से आए खिलाड़ियों को संबोधित कर




रहे थे। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने बैडमिंटन टूर्नामेंट के शुभारंभ की घोषणा की और अपने स्वैच्छिक कोष से स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी, पंचकूला को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी पंचकूला के चेयरमैन ज्ञानचंद गुप्ता, एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक आलोक मित्तल, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन, उपायुक्त सतपाल शर्मा, हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के संयुक्त सचिव जितेंद्र महाजन, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंघानिया, पंचकूला स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के अध्यक्ष डीपी सोनी भी उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न राज्यों से आए करीब 2000 प्रतिभागी खिलाड़ियों का हरियाणा में स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन आपका जज्बा और खेल भावना ही आपको महान खिलाड़ी बनाएगी।

## ग्लेशियरों के टूटने से निचले क्षेत्रों में बाढ़ का अधिक खतरा
### भविष्य में नदी किनारे बसे निचले क्षेत्रों में बाढ़ का जोखिम और भी बढ़ जाएगा



**उनियाल**
प्रदेश की नदियों का बढ़ता जलस्तर चिंता का विषय है, जिसका एक मुख्य कारण ग्लेशियरों का बड़ी मात्रा में टूटना है। भारी बारिश और ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों में पानी की मात्रा बढ़ रही है जिससे निचले इलाकों में गाद (सिल्ट) और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। भू-वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि ग्लेशियरों की स्थिति में सुधार नहीं होता है तो भविष्य में नदी किनारे बसे निचले क्षेत्रों में बाढ़ का जोखिम और भी बढ़ जाएगा। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एचसी नैनवाल के अनुसार उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के ग्लेशियर हर साल 5 से 20 मीटर तक पीछे खिसक रहे हैं। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि उनकी मोटाई लगातार कम हो रही है। हैंगिंग ग्लेशियर (लटकते हुए ग्लेशियर) ज्यादा टूटते हैं जिससे हिमस्खलन की घटनाएं बढ़ती हैं। प्रोफेसर नैनवाल ने ग्लेशियरों के तेजी से टूटने के पीछे पृथ्वी के तापमान में बदलाव और गैसों के उत्सर्जन को मुख्य कारण बताया है। जंगलों में लगने वाली आग से निकलने वाली गैसों का भी इन पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्लेशियरों के टूटने से नदियों में पानी और गाद की मात्रा बढ़ेगी। इससे न केवल निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ेगा बल्कि जल विद्युत परियोजनाओं के जलाशयों की क्षमता भी कम होगी। गाद जमा होने से जलाशयों की भंडारण क्षमता घट जाएगी जिससे बिजली उत्पादन में कमी आएगी। इसके अलावा समुद्र का जलस्तर भी बढ़ेगा। प्रोफेसर नैनवाल का मानना है कि ग्लेशियरों को बचाने के लिए गैसों के उत्सर्जन को कम करना बेहद जरूरी है।

## एसआईआर कराने का निर्देश देना, क्षेत्राधिकार का अतिक्रमण: आयोग

**नई दिल्ली**
चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि देश भर में नियमित अंतराल पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का कोई भी निर्देश चुनाव आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करेगा। सुप्रीम कोर्ट में दायर जवाबी हलफनामे में चुनाव आयोग ने कहा कि उसके पास मतदाता सूची में संशोधन की नीति का पूरा अधिकार है। जवाबी हलफनामे में कहा गया है कि बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची में संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। हलफनामे में कहा गया है कि 'मतदाता सूची तैयार करने और संशोधन की निगरानी करने की संवैधानिक और वैधानिक शक्तियां चुनाव आयोग के पास हैं। देश भर में नियमित अंतराल पर एसआईआर करने का कोई भी निर्देश चुनाव आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण होगा।' चुनाव आयोग का यह हलफनामा वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया है। अश्विनी कुमार ने अपनी याचिका में चुनाव आयोग को पूरे भारत में नियमित अंतराल पर, खासकर चुनाव से पहले मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण करने का निर्देश देने की मांग की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल



भारतीय नागरिक ही देश की राजनीति और नीति तय करें। चुनाव आयोग ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत, संसद और हर राज्य के विधानमंडल के सभी चुनावों के लिए मतदाता सूची की तैयारी और संचालन का पुनरीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण चुनाव आयोग के पास है। 8 सितंबर को शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर अभ्यास में पहचान प्रमाण के रूप में शामिल किया जाना चाहिए।
और चुनाव आयोग से 9 सितंबर तक निर्देश को लागू करने के लिए कहा था।

**बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा जारी**
बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद हो गया है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करना है।

## राष्ट्रहित और जनहित में लिया गया निर्णय है हमारी संस्कृति: योगी

**लखनऊ**
हमारे जीवन की तीन स्थितियां होती हैं, जिसमें पहली प्रवृत्ति, दूसरी विकृति और तीसरी संस्कृति होती है। इसमें स्थिति का यथारूप रहना प्रवृत्ति है। इंसान परिवर्तन तो चाहता है, लेकिन परिवर्तन करने के लिए अपने आपको तैयार करने में हिचकता है। वहीं अगर कोई संस्थान या इंसान लगातार गिरावट की ओर जाता है तो यह विकृति होती है। इसी कड़ी में अगर एक व्यक्ति निर्णय लेता है। उसका निर्णय व्यापक जनहित और राष्ट्रहित में है, तो उसका निर्णय संस्कृति है। इसी संस्कृति का एक बेहतरीन उदाहरण डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान है। संस्थान ने महज 19 वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1,375 बेड का विस्तार किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में कही। इस दौरान सीएम योगी ने 298 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

**हमें काम की गति से दो कदम आगे चलने के लिए तैयार रहना चाहिये**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और व्यक्ति की गति काल की गति है। हमें काल की गति से दो कदम आगे चलने के लिए तैयार



रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति, समाज या देश काल की गति को पहचान नहीं पाता है, वह काल की चपेट में स्वयं आ जाता है क्योंकि काल की गति तो वही है, जिसके बारे में डॉ. श्याम नारायण पांडेय ने कहा था कि ये महाकाल का आसन है, इस पर किसी का शासन नहीं होता है। यदि कोई यह मन में बैठा ले कि मैं समय की गति को अवरुद्ध कर दूंगा, तो यह उसकी गलतफहमी होगी। ऐसे में हमें काल की गति से दो कदम आगे चलना होगा। अगर हम इस गति से चलेंगे तो प्रगति करेंगे, अगर नहीं चल पा रहे हैं, हम अपने को केवल समय के अनुरूप लेकर के जा रहे हैं, तो फिर हमें यथास्थितिवादी के रूप में लोग मानेंगे। हम कब आए, कब गए किसी को पता नहीं होगा। वहीं अगर हमारे कारण संस्थान को नुकसान हो रहा है तो मानकर चलिए कि आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। काल की गति के मामले में संस्थान ने अच्छी प्रगति हासिल की है। यही वजह है कि संस्थान ने पांच वर्षों में प्रदेश के टॉप तीन चिकित्सा संस्थान में अपना नाम दर्ज कराया है। इसमें पहला केजीएमयू 110 वर्ष की अपनी आयु पूरी कर चुका है, दूसरा एसजीपीजीआई जो लगभग चार दशक पुराना है। वहीं लोहिया संस्थान ने काफी कम समय में एक लंबी छलांग लगाकर, प्रदेश के तीसरे टॉप चिकित्सा संस्थान में अपना नाम दर्ज कराया है।

देश का दर्पण
जयपुर, रविवार
14.09.2025


# भारत में मोदी युग क्रांति का युग, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक विकासोन्मुखी कार्य— सांसद घनश्याम तिवाडी

**जयपुर,** 13 सितंबर 2025। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'भारत में कर एवं आर्थिक सुधार' विषय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। ?तिवाड़ी ने बताया कि भारत में मोदी युग क्रांति का युग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक, सोशल और आर्थिक क्षेत्र में ऐतिहासिक विकासोन्मुखी कार्यों को शुरू किया है। आज विश्व के इतिहास में सबसे बड़ा कार्य करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्थिक सुधार किया और जीएसटी की नई स्लैब जारी कर आमजन को राहत प्रदान करने का काम किया है। उन्होंने ने बताया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में सेल्सटैक्स, सर्विस टैक्स, वेट जैसे विभिन्न कर लगाए जा रहे थे, लेकिन मोदी सरकार ने इन सब टैक्स पर जीएसटी लागू किया था। और इसमें भी नए सुधार करते हुए आमजन को राहत प्रदान करने का ऐतिहासिक कार्य किया।

भाजपा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने बताया? कि 2017 में जीएसटी लागू करने के बाद प्रतिमाह 2 लाख करोड़ से अधिक रुपए सरकार को टैक्स प्राप्त हो रहा था, इसके बावजूद मोदी ने जीएसटी की सैकेंड जनरेशन शुरू करते हुए भारत में कर सुधार की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। जीएसटी में पहले 5,12, 18 और 28 प्रतिशत की 4 टैक्स स्लैब थी, अब इसमें से 2 स्लैब हटाते हुए सिर्फ 5 प्रतिशत और 12 प्रतिशत स्लैब को रखा गया है। जीएसटी सुधारों के कारण रोजमर्रा की जरूरतें जैसे झ चाय, दूध, दही, आटा, चावल, तेल, इडली-डोसा, चॉकलेट और मिठाइयाँ या तो टैक्स-फ्री हो जाएगी या न्यूनतम दर पर उपलब्ध होगी। सांसद तिवाड़ी ने बताया कि 22 सितंबर से शुरू हो रहे नवरात्री में इस बार मातारानी गज पर सवार होकर आ रही हैं, इससे जमाना अच्छा होगा, बिक्री अच्छी होगी और बाजार में अच्छी खरीदारी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जीएसटी सुधार इसमें सहायक होगा और मोदी की ओर से देश के 144 करोड़ देशवासियों को यह दिवाली गिफ्ट के तौर पर साबित होगा। भाजपा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने बताया कि भाजपा ने प्रदेश और जिला स्तर पर कमेटी बनाई है, जो अब जीएसटी नेक्स्ट जेन रिफॉर्म्स के बारे में आमजन को जागृत करेगी। इस कर सुधार से आमजन, किसान, महिला, युवा, व्यापारी, उद्योगपति या यूं कहा जाए हर वर्ग, हर समुदाय के हित में है।

मोदी सरकार ने आवश्यक खाद्य सामग्री के साथ दवाइयों को टैक्स मुक्त करने का काम किया है, वहीं मेडिकल उपकरणों पर 12 प्रतिशत से टैक्स घटाकर 5 प्रतिशत करने का काम किया है। जीएसटी सुधार से कपड़ा उद्योग को भी लाभ होगा,कृषि उपकरणों के साथ वाहनों की खरीद में भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सार्वजनिक मंच से कहा था कि केंद्र से 1 रुपए जारी होता है और लोगों तक मात्र 15 पैसे पहुंचते है। आज मोदी जी ने तकनीकी का उपयोग करते हुए डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों तक राहत पहुंचाने का काम किया है। मोदी जी ने जहां आवश्यक वस्तुओं को सस्ता किया है, वहीं विलासिता की वस्तुओं पर 40 फीसदी तक टैक्स लगाया है।

## खैरथल जिले का नाम बदलने व जिला मुख्यालय को अन्य जगह ले जाने के मामले को लेकर व्यापार महासंघ की ओर से खैरथल संपूर्ण रहा बंद



**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**

**खैरथल!** खैरथल जिले का नाम बदलने व जिले को अन्य स्थान पर ले जाने के मामले को लेकर व्यापार महासंघ की ओर से शनिवार को खैरथल संपूर्ण बंद रहा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने बताया कि रविवार को भी खैरथल के बाजार संपूर्ण बंद रहेंगे विदित रहे कि एक महीने से नई अनाज मंडी में जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन निरंतर जारी है

## नियम को ताख पर रख खुलेआम कानून की उड़ती रही धजिया सवाल अभी बाकी है..

**सीवान** जिले में भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां पचरुखी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अदिति कुमारी और उनके क्लर्क अनूप कुमार पर आय से अधिक संपत्ति और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। एक पत्रकार, ने इस मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री सहित शिक्षा विभाग और निगरानी विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजी है।

**भ्रष्टाचार का खुलासा और पत्रकार को धमकी**

पत्रकार ने आरोप लगाया है कि बीईओ अदिति कुमारी और क्लर्क अनूप शिक्षकों को झूठी रिपोर्ट और निलंबन की धमकी देकर उनसे अवैध रूप से पैसे वसूलते हैं। इसी अवैध वसूली के कारण उनकी संपत्ति में भारी वृद्धि हुई है।

इस खबर के सामने आने के बाद, क्लर्क अनूप कुमार ने पत्रकार को फोन पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। क्लर्क ने पत्रकार को बताया कि उसके पास 10 करोड़ रुपये की संपत्ति है और शिक्षा विभाग में सीवान से लेकर पटना तक उसकी पहुंच है। उसने यह भी कहा कि वह रोज शराब पीता है और उसका कोई कुछ नहीं कर सकता।

**न्याय की गुहार और आगे की कार्रवाई**

इस धमकी के बाद, पत्रकार ने क्लर्क अनूप कुमार के खिलाफ सीवान के जिला पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित शिकायत दी है और न्याय की गुहार लगाई है। यह घटना सीवान में अधिकारियों और कर्मचारियों के कथित "गुंडा राज" को उजागर करती है।

यह देखना बाकी है कि शिक्षा विभाग और निगरानी विभाग इस मामले की जांच किस तरह आगे बढ़ाते हैं।

## डोटासरा का बयान निंदनीय और संसदीय मर्यादाओं की घोर अवहेलना: मदन राठौड़

**जयपुर 13 सितंबर 2025।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा विधानसभा में कैमरे को लेकर दिए गए विवादित बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निंदनीय और संसदीय मयार्दाओं की घोर अवहेलना बताया है। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि विधानसभा कोई निजी स्थान नहीं बल्कि लोकतंत्र का मंदिर है। यहाँ होने वाली प्रत्येक गतिविधि जनता के हित में होती है और पूरी पारदर्शिता के साथ उसका प्रसारण किया जाता है। निजता की दुहाई देना संसदीय परंपराओं की अज्ञानता का परिचायक है। राठौड़ ने कहा कि जो लोग काम करते नहीं, सेवा करते नहीं, अनर्गल



बयानबाजी करते है और स्पीकर पर इस तरह के आरोप लगाते है यह अत्यंत निदंनीय है। राठौड़ ने डोटासरा के बयान पर कहा कि जो जैसा होता है, वो वैसा सोचता है, जिसका व्यक्तिगत ?जीवन जैसा होता है, वो दूसरो के बारे में भी वैसा ही सोचता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के चरित्र पर अंगुली उठाना , ये कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दशार्ता है। स्पीकर सरंक्षक होता है, एक सम्मानजनक पद है, उस आसन पर बैठने वाला एक ?गार्जियन होता है। उस पर आरोप लगाना, बेहद ही शर्मनाक है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के सवालों का जवाब विधानसभा अध्यक्ष दे चुके, लेकिन विधानसभा में पूरी तरह फेल हो जाना, जनता के मुद्दे नहीं उठा पाना और केवल हंगामा करना ही इनका मकसद रह गया है। डोटासरा भूल गए कि विधानसभा में इनके वरिष्ठ नेता राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताते है, इनकी सरकार के समय राजस्थान महिला अपराध में नंबर वन पर पहुंच गया था, अब ये अनर्गल बयानबाजी करके सिर्फ सुर्खियां बटौर रहे है।

## भिवाड़ी में विप्र सेना राजस्थान द्वारा प्रदेश संयोजक अशोक कौशिक के नेतृत्व में विप्र बंधुओं का मिलन समारोह हुआ आयोजित



**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**

**खैरथल** भिवाड़ी में शनिवार को विप्र सेना राजस्थान द्वारा प्रदेश संयोजक अशोक कौशिक के नेतृत्व में सभी विप्र बंधुओं का मिलन समारोह हुआ जिसमें समाज के सभी को एकजुट होकर काम करने का लक्ष्य लिया गया इस दौरान समाज के बंधुओं द्वारा साफा व दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया इस दौरान साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा शर्मा जिला अध्यक्ष संजय भारद्वाज भामाशाह भिवाड़ी राजेंद्र कुमार,टपूकड़ा खंड अध्यक्ष मनोज पांडे, डॉ अनुराग कौशिक राजेंद्र हर्ष अनिल पंकज कुणाल टिल्लू शर्मा खैरथल सहित विप्र सेना के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे

## सिवान जिला के सभी मतदान केंद्रों पर मोबाइल ईवीएम डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान जिले अन्तर्गत 13 सितंबर 2025 शनिवार को इस अवसर पर विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने प्रत्यक्ष रूप से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली का अनुभव किया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं के बीच मतदान प्रक्रिया से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना तथा उन्हें निर्भीक एवं आत्मविश्वासपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रत्येक मतदान भवन पर मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की पहल की जा रही है। जिले के कुल 2908 मतदान केंद्रों पर इन वैनों का परिचालन किया जा रहा है। निर्धारित एक माह की अवधि में सभी स्थानों पर डेमोस्ट्रेशन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं, महिला मतदाताओं तथा वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। प्रायः तकनीकी जानकारी के अभाव में मतदाता मतदान केंद्र पर संकोच का अनुभव करते हैं, किंतु मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से उन्हें पहले से ही प्रायोगिक अनुभव कराया जा रहा है। ॉ इससे निर्वाचन दिवस पर मतदाता पूर्णतः निःसंकोच, निर्भीक और आत्मविश्वास के साथ मतदान कर सकेंगे। वैन में प्रतिनियुक्त मास्टर प्रशिक्षक ईवीएम के बटन दबाने से लेकर वीवीपैट स्लिप प्रदर्शित होने तक की संपूर्ण प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही मौके पर उपस्थित नागरिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी तत्परता से किया जा रहा है।

## 24 प्रतिशत लोगों को सिर्फ 4 टिकट देकर सामाजिक न्याय के नारे का मजाक बनाती हैं भाजपा व कांग्रेस : राजेंद्र तंवर

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** सामाजिक न्याय का नारा देने वाली भाजपा व कांग्रेस दोनों पर्टियां किस तरह सामाजिक न्याय का मखौल उड़ाती है और पिछड़ा वर्ग के साथ बड़ा विश्वासघात करती है, यह बात ओबीसी बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तंवर व मा. देशराज प्रजापति ने एक संयुक्त ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि जहां तक सत्ता में भागीदारी की बात है, पिछड़ा वर्ग की आबादी हरियाणा में 24 प्रतिशत है लेकिन दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने सिर्फ 4-4 टिकटें देकर पिछड़ा वर्ग का मजाक उड़ाया है। हरियाणा में ब्राह्मण समाज की आबादी 7 प्रतिशत है, उनको 12 टिकटें दी गई। पंजाबियों की आबादी भी 7 प्रतिशत है, उनको 10 टिकटें दी गई और बनियों की



आबादी 4 प्रतिशत है, उनको 6 टिकटें दी गई जबकि ब्राह्मणों का हक 6 टिकटों का, पंजाबियों का हक भी 6 टिकटों को तथा बनियों का हक 3 टिकटों का बनता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार कांग्रेस ने एक ही बिरादरी (जाट) को 26 टिकटें देकर पिछड़ा वर्ग का हक खाया है, जो उसके गले की फांस बन गया है। ये जो सीटें इनको अधिक दी गई है, वो सब पिछड़ा वर्ग-ए के कोटे से दी गई है। इसमें सैनी समाज की 2 टिकटें तथा राजपूत समाज की भी 2 टिकटें ये पार्टियां खा गई, ये है इनके सामाजिक न्याय की परिभाषा। तंवर ने कहा कि जहां तक प्रशासन में भागीदारी की बात है, 1993 में इंद्रा साहनी वर्सेज भारत सरकार के फैसले में कहा गया था कि पिछड़ा वर्ग को क्लास-1 से लेकर क्लास-4 तक 27 प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों में तत्काल प्रभाव से दिया जाए, लेकिन हरियाणा में अढ़ाई साल के बाद भजनलाल सरकार ने उस मंडल कमीशन की रिपोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आधा-अधूरा लागू किया। क्लास-1 व क्लास-2 में सिर्फ 10 प्रतिशत और क्लास-3 और क्लास-4 में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। अगर उसी समय क्लास-1 व क्लास-2 में पिछड़ा वर्ग को पूरा आरक्षण मिल जाता तो लाखों बच्चें पिछड़ा वर्ग के आज अधिकारी बन चुके होते लेकिन ये पार्टियां सामाजिक न्याय का नारा तो देती है, लेकिन जमीनी हकीकत पर करती कुछ नहीं।

ओबीसी बिग्रेड के प्रदेश उपाध्यक्ष मा. देशराज प्रजापति ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के जो लोग इन राष्ट्रीय पार्टियों में बैठे हुए है, वो ये समझ ले कि इनको मिलना वहां कुछ भी नहीं है।

## .ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से घर का चिराग बुझा



**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना बयाना ( भरतपुर ) कस्बे** के कुंडा तिराहे पर शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसे में गांव नगला होता महरावर का 17 वर्षीय धीरज अपनी जान गंवा बैठा। धीरज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 11वीं का छात्र था और अंबेडकर छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। दोपहर करीब 2 बजे जब वह स्कूल से छात्रावास लौट रहा था, तभी बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे कुचल दिया। धीरज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और चालक फरार हो गया। दुखद खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और बयाना-हिंडौन स्टेट हाईवे पर अस्पताल गेट के सामने जाम लगा दिया। महिलाएं सड़क पर बैठकर विरोध करने लगीं। आक्रोशित लोगों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग की। सूचना पर तहसीलदार लालचंद, डिप्टी एसपी कृष्णराज जांगिड़ और एसएचओ बाबूलाल गुर्जर मौके पर पहुंचे और समझाइश का प्रयास किया। करीब एक घंटे बाद समझाइश के बाद परिजनों ने जाम हटाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर

## सुरेंद्र पहलवान प्रधान व सुरेश देवबन चुने गए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लॉक सचिव

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का ब्लॉक स्तरीय त्रिवार्षिक सांगठनिक प्रतिनिधि सम्मेलन जवाहर पार्क में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान ब्लॉक वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र पहलवान ने व मंच संचालन ब्लॉक सचिव मास्टर नारायण दत्त ने किया, जिसमें विभिन्न विभागों के सैकड़ों



कर्मचारियों ने भागीदारी की। सम्मेलन का उदघाटन जिला प्रधान शिवचरण ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र और राज्य सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। हरियाणा में तो भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने के बावजूद पिछले 11 सालों के दौरान कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की कोई भी पॉलिसी नहीं बनाई गई बल्कि पहले से बनी हुई पॉलिसीयों को रद्द कर दिया गया है, इसलिए इस सरकार द्वारा आज तक एक भी कर्मचारी को पक्का नहीं किया है। पुरानी पेंशन प्रणाली को बहाल करने इनकार कर दिया है। यह कई-कई साल पहले से लगे पक्के कर्मचारियों को हटाने वाली सरकार है। ऐसे हालातो में अपनी मांगों को बनवाने के लिए इन सम्मेलनों के जरिए अपनी मांगों को उठाया जा रहा है।

## जयपुर हॉस्पिटल की तरफ से सेवा भाव में ब्लड डोनेशन कैम्प का हुआ आयोजन



**जयपुर।** सेवा भाव और मानवता की मिसाल पेश करते हुए जयपुर हॉस्पिटल की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और अतिरिक्त यूनिट रक्त एकत्र हुआ। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। रक्तदान शिविर के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और कर्मचारियों ने इसे मानव सेवा का सच्चा धर्म बताया। कई कर्मचारियों ने पहली बार रक्तदान करते हुए इसे जीवन का यादगार अनुभव बताया। अस्पताल प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल समाज में सकारात्मक संदेश जाता है, बल्कि कई जिंदगियों को बचाने में भी मदद मिलती है।

## सिवान समाहरणालय सभागार में हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान समाहरणालय सभागार में हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 14 सितंबर 2025 को 3:00 बजे अपराह्न में किया जाएगा अपर मुख्य सचिव,मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग, बिहार पटना के द्वारा संसूचित है कि14 सितम्बर,1949 को हमारे देश की संविधान सभा द्वारा देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिन्दी भाषा को केंद्र सरकार के काम-काज के निष्पादन की दृष्टि से राजभाषा के रुप में अंगीकृत किए जाने के फलस्वरुप उस ऐतिहासिक दिन की याद में प्रत्येक 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। उक्त के आलोक में राज्य सरकार द्वारा हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन वर्षों से किया जा रहा है। राजभाषा हिन्दी की महत्ता एवं उसके व्यापक प्रचार प्रसार को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है कि हिन्दी दिवस समारोह 14 सितम्बर, 2025 को जिला मुख्यालयों, अनुमण्डलों एवं प्रखण्डों में सुनिश्चित ढंग से मनाया जाय तथा उक्त अवसर पर संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाय।

## सूकर पालन हेतु अनुदान की राशि वितरित....

**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान,13 सितंबर 2025 शनिवार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार पटना द्वारा वित्तीय वर्ष- 2025-26 हेतु सूकर विकास योजना के तहत उन्नत नस्ल के दो मादा सूकर एवं एक नर सूकर की एक ईकाई अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति सदस्यों को अनुदानित दर पर "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर चयनित लाभूकों को वितरण की जानी है। दो मादा सूकर एवं एक नर सूकर के एक ईकाई के क्रय बीमा लागत @8% सहित लाभुकों को 21,060/- (इक्कीस हजार साठ रुपए) मात्र आकलित किया गया है। जिसमें रुपए 2,106/- (दो हजार एक सौ छः रुपए) मात्र की राशि चयनित लाभुक द्वारा वहन किया जायेगा तथा अनुदानित दर पर दो मादा सूकर एवं एक नर सूकर की एक ईकाई वितरण की जायेगी। चयनित लाभुक को एक दिवसीय सूकर पालन की प्रशिक्षण दी जायेगी। विशेष जानकारी हेतु अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क किया जा सकता है।

## चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज, टोंक में नई प्रशासनिक नियुक्तियाँ की गई



**डॉ. लोकेंद्र** शर्मा को मेडिकल कॉलेज, टोंक का प्राचार्य प्रिंसिपल नियुक्त किया गया है डॉ. शर्मा इससे पूर्व मेडिकल कॉलेज, जयपुर में फामाकोलॉजी विभाग के सीनियर प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है व डॉ. निधी सिंह, प्रोफेसर, दंत चिकित्सा विभाग, मेडिकल कॉलेज, पाली को अतिरिक्त प्राचार्य एडिशनल प्रिंसिपल, मेडिकल कॉलेज, टोंक नियुक्त किया गया है।

# राष्ट्रीय तीर्थ में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आरंभ



**जयपुर/उदयपुर,** 13 सितम्बर। भारतीय काल गणना और ज्योतिष पूर्ण रूप से खगोल-भूगोल और विज्ञान आधारित है। इसे सहज और सरल रूप में उदात्त भाव से समाज तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें स्वयं संकल्पित होना होगा। यह आह्वान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने शनिवार को उदयपुर के प्रताप गौरव केन्द्र ह्यराष्ट्रीय तीर्थह्ल में भारतीय काल गणना, पंचांग और ज्योतिष विषय पर संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में किया।

प्रताप गौरव केन्द्र और देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हो रही दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर से आए विद्वानों को संबोधित करते हुए निम्बाराम ने कहा कि जब यंत्र नहीं थे तब भारतीय ऋषि-मुनियों जो हमारे शोधकर्ता ही कहे जा सकते हैं, ने ग्रहों की दूरियां-गतियां बता दी थीं। कुंभ से अगले कुंभ तक की तैयारियां कर लेते हैं। कालांतर में हमने ही अपनी ही परम्पराओं, अपने ही ज्ञान का उपहास किया, यही वजह है कि हम अपने ही विषद ज्ञान भण्डार पर संशंकित होते गए। मंदिरों की व्यवस्थाओं को ठीक करने का आह्वान

क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्य के देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत की ओर संकेत करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति के केंद्र हमारे मंदिरों की व्यवस्थाएं समुचित नहीं हैं। पुजारी को जो वेतन मिलता है उससे उसका जीवनयापन संभव नहीं है। मंदिरों की विभिन्न व्यवस्थाओं को परम्परा और संस्कृति के अनुरूप सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति चराचर जगत के कल्याण की बात करती है और यह संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी आज भी स्थापित हैं। कालगणना की सटीकता का प्रमाण हमारे कुंभ हैं जो बरसों पहले तय हो जाते हैं और उनसे पूरा विश्व प्रभावित है जिसके दर्शन महाकुंभ में हुए, जहां बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु शामिल हुए। विश्व योग दिवस का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आज संसार सनातन संस्कृति की तरफ अग्रसर हो रहा है। मंत्री कुमावत ने यह भी कहा कि सनातन संस्कृति को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से बचाव के लिए राजस्थान सरकार ने अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध विधेयक पारित किया है। इससे विशेषकर जनजाति क्षेत्रों में मिशनरीज द्वारा किए जा रहे अवैध धर्मांतरण पर अंकुश लग सकेगा। जनजाति संस्कृति से जुड़ आस्था स्थलों के विकास के लिए ट्रायबल टूरिस्ट सर्किट पर भी सरकार काम कर रही है। इस सर्किट में मानगढ़धाम, मातृकुण्डिया, बेणेश्वर धाम, गौतमेश्वर आदि शामिल हैं।

उद्घाटन सत्र में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. बीपी शर्मा ने भी विचार रखे। संचालन डा. रविशंकर ने किया। धन्यवाद प्रताप गौरव शोध केन्द्र के निदेशक डा. विवेक भटनागर ने किया। कार्यक्रम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष भगवती प्रकाश, राजस्थान विद्यापीठ के कुलगुरू कर्नल एसएस सारंगदेवोत, प्रताप गौरव केंद्र के निदेशक अनुराग सक्सेना, महामंत्री पवन शर्मा, उदयपुर के पूर्व महापौर गोविंद सिंह टांक, कोटा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलगुरू बीएल वर्मा आदि मौजूद रहे।

सर्किट हाउस, उदयपुर में आमजन की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने मंत्री श्री कुमावत का साफा बांधकर, दुप्पटा व फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री श्री कुमावत ने रक्तदान अभियान के पोस्टर का विमोचन किया।

## विशाल पदयात्रा व शहीद पुष्पांजलि कार्यक्रम 14 से




**जयपुर।** बालाजी झुंझार जी धाम जयपुर की तरफ से 60वां विशाल पदयात्रा और शहीद को पुष्पांजलि कार्यक्रम 14 और 15 सितंबर को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पूरे आयोजन को लेकर शनिवार 13 सितम्बर को झोटवाड़ा के राणा प्रताप नगर स्थित झुंझार धाम बालाजी मंदिर के परिसर में प्रेसवार्ता हुई। जिसे संबोधित करते हुए महाराज कपिल पारीक ने पत्रकारों को बताया कि अमरचंद पारीक (झुंझार जी महाराज) का जन्म सीकर ज़िले के बाडलवास गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम कन्हैयालाल और उनकी माता का नाम जत्ता देवी था। अमरचंदजी महाराज बचपन से ही बालाजी और माता रानी के परम भक्त रहे थे। उन्होंने कई वर्ष तक सलासर धाम में रहकर बालाजी की सेवा की थी। साथ ही उनका मानना था कि उनके जीवन में जो भी शक्ति और सफलता मिली, वो सब सालासर बालाजी की कृपा से हुई। इसी कारण उन्होंने सदैव श्री सलासर बालाजी को अपना इष्ट मानकर उनकी सेवा को ही अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया। इसके बाद देशसेवा की भावना से प्रेरित होकर अमरचंद पारीक भारतीय सेना में भर्ती हुए। फिर वर्ष 1965 के भारतझ्रपाक युद्ध में उन्होंने अपनी अदम्य वीरता का परिचय देते हुए 14 सितम्बर 1965 की रात 1 बजकर 8 मिनट पर श्री सलासर बालाजी का नाम लेते हुए मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण त्याग दिए थे। उनकी इस शहादत को श्रद्धांजलि देते हुए प्रतिवर्ष 14 और 15 सितम्बर को दो दिवसीय भव्य आयोजन किया जाता है। कपिल पारीक ने बताया कि रविवार 14 सितम्बर को शाम 3.15 बजे से खातीपुरा के खिरणी फाटक रोड स्थित श्री गणेशजी मंदिर से राणा प्रताप नगर स्थित बालाजी झुंझार धाम मन्दिर तक विशाल पदयात्रा निकली जाएगी। इसके बाद शाम 7.15 बजे झुंझार धाम बालाजी मंदिर परिसर में सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी वितरित की जाएगी। वहीं रात्रि 8.30 बजे से भव्य जागरण का आयोजन होगा। वहीं अर्धरात्रि 1.15 बजे बालाजी महाराज को सलामी दी जाएगी। अगले दिन सोमवार 15 सितम्बर को सुबह 8.15 बजे से शहीद की याद में ध्वजा रोहण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम

## माटी कला क्राफ्टमैन व डिजाइनर प्रशिक्षण के लिए जाएंगे यूपी

**जयपुर, 13 सितंबर।** प्रदेश के माटी कामगारों के हुनर को और अधिक तराशने के लिए श्रीयादे माटी कला बोर्ड अपने प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेगा। इसके लिए बोर्ड की ओर से 25 प्रशिक्षकों को माटी कला क्राफ्टमैन व डिजाइनर प्रशिक्षण के लिए उत्तरप्रदेश के खुर्जा में स्थित सेंट्रल ग्लास एंड सेरामिक्स रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीजीसीआरआई) भेजेगा। इस दल के वाहन को 14 सितंबर सुबह 11 बजे बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक उधोग भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह दल खुर्जा में 15 सितंबर से 19 सितंबर तक आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रदेश में संचालित प्रशिक्षण कैंपों में माटी कामगारों को उन्नत तकनीक से डिजाइनदार उत्पाद निर्माण की ट्रेनिंग देंगे।

## संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 14 वर्षीय छात्र वर्ग का आयोजन 15 सितंबर से मिंडोलिया में होगा

**सुरज वर्मा**



शाहपुरा शहर के संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 14 वर्षीय छात्र वर्ग का आयोजन 15 सितंबर से राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मिंडोलिया में होगा जिसकी पूर्व तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रतियोगिता को निर्विघ्न रूप से संपन्न करने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंप गई । प्रधानाध्यापक परमेश्वर लाल कुमावत ने बताया कि प्रतियोगिता में अजमेर संभाग के भीलवाड़ा, अजमेर, टोंक, नागौर, कुचामन - डिडवाना, ब्यावर जिले की लगभग 50 टीमें भाग लेगी जिसमें कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कुश्ती, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा । पंच दिवसीय प्रतियोगिता में भामाशाहों द्वारा भोजन, आवास एवं पुरस्कार की व्यवस्था की गई । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरपंच गोपाल बेरवा, अध्यापक जगदीश प्रसाद खटीक, मदन लाल रेगर, शिवचरण शर्मा, कुलदीप सिंह, डॉ परमेश्वर प्रसाद कुमावत, ओम प्रकाश कुमावत, महावीर प्रसाद प्रजापत, महेंद्र कुमार कोली, खेमराज कुमावत, गोपाल तेली, सोनू मीणा, सतार मोहम्मद, नरेन्द्र डाडैया, हरि ओम शर्मा ।

# शाहपुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य एवं सफल आयोजन

**सुरज वर्मा**



**शाहपुरा** शहर में दिनांक 13.09.2025 को अपर जिला एवं सेशन न्यायालय शाहपुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस लोक अदालत का शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सानिया हाशमी एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान द्वारा किया गया।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया गया, जिनमें मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण, वैवाहिक विवाद, दीवानी एवं आपराधिक शमनीय वाद, श्रम विवाद, विद्युत तथा जल-कर संबंधी प्रकरण आदि प्रमुख रहे।आयोजन के दौरान बैंच प्रथम मे कुल 184 वादों का निस्तारण आपसी सहमति एवं सुलह के आधार पर किया गया। निस्तारित वादों से पक्षकारों को रु.3 करोड़ 38 हजार का अवार्ड पारित हुआ। इसके साथ ही बैंको व बिजली संबंधित विवादों 22 प्रकरणो मे लगभग 40 लाख का अवार्ड पारित हुआ।इस प्रकार लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को शीघ्र, सस्ता एवं संतोषजनक न्याय प्राप्त हुआ।अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहां कि लोक अदालतें न केवल न्याय प्रणाली के बोझ को कम करने में सहायक हैं, बल्कि यह पक्षकारों को आपसी विवाद को सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाप्त करने का अवसर भी प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी उपस्थित पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी लोक अदालत के प्रति अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।इस दौरान लोक अदालत सदस्य अधिवक्ता अंकित शर्मा एवं अन्य अधिवक्तागण अनिल शर्मा, नमन ओझा, आशीष पालीवाल, हितेश शर्मा, एवं कर्मचारीगण श्री सुधीर उपाध्याय, सर्वेश्वर मेघवंशी, कैलाश जांगिड़, नवीन महावर, शिवराज धाकड़, रोनक सोनगरा,भंवर शर्मा व अन्य बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, बैंक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पक्षकारगण उपस्थित रहे।

# सगे भाइयों में वर्षों पुरानी अदावत समाप्त - मध्यस्थता से हुआ सुलह

सुरज वर्मा



शाहपुरा शहर में मीडिएशन फॉर द नेशन कैंपेन के तहत अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान के समक्ष ग्राम कादिसाहना निवासी सगे भाइयों के मध्य वर्षों से चला आ रहा पारिवारिक विवाद आपसी सुलह-समझौते से समाप्त हुआ।दोनों भाई एक ही मकान में परिवार सहित निवासरत थे, किन्तु लंबे समय से आपसी बोलचाल बंद होने के कारण पारिवारिक कलह बनी हुई थी। माननीया मजिस्ट्रेट सीमा चौहान ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक समझाइश दी तथा पारिवारिक संबंधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें मिलकर रहने के लिए प्रेरित किया। समझाइश के उपरांत दोनों भाइयों ने गिले-शिकवे भुलाकर आपसी सुलह कर ली।इस अवसर पर मजिस्ट्रेट ने कहां कि पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी संवाद और समझाइश से संभव है, जिससे परिवारों में सौहार्द एवं एकता बनी रहती है। इस दौरान अनिल शर्मा, नमन ओझा, लाला राम गुर्जर, सोहेल खान, अंकित शर्मा एवं आशीष भारद्वाज उपस्थित रहे।

## प्रचारक या उम्मीदवार के रूप में चुनावी प्रक्रियाओं का एक अभिन्न अंग हैं महिला मतदाता

**भारत** जैसे कृषि प्रधान समाज में जमीनी स्तर का लोकतंत्र सत्ता की राजनीति की गतिशीलता को निर्धारित करता है और महिलाओं की भागीदारी एक सशक्त निर्धारक है। यहीं भारतीय लोकतंत्र का हृदय और आत्मा निहित है। राजनीति विज्ञानियों का मानना ??है कि भारत की स्थानीय संरचनाओं से सबसे अधिक जुड़ी पार्टी या नेता के पास केंद्र में सत्ता को नियंत्रित करने की सबसे अच्छी संभावना होती है। महिलाएँ मतदाता, प्रचारक या उम्मीदवार के रूप में चुनावी प्रक्रियाओं का एक अभिन्न अंग हैं, खासकर स्थानीय स्तर के चुनावों में, पिछले 15 वर्ष इसके प्रमाण हैं। प्रेरणा कार्यक्रमों, संचार माध्यमों और सहकारी नेतृत्व के माध्यम से ग्राम स्तर के पार्टी कार्यकताओं, विशेषकर महिलाओं तक पहुँच, भविष्य की राजनीतिक रणनीतियों का एक खाका बन गई है। यह दृष्टिकोण अब राज्य और राष्ट्रीय दलों में आम है। इस तरह का जुड़ाव पार्टियों की छवि जनता के रखवाले के रूप में बनाता है, सत्ता पर उनकी पकड़ को वैध बनाता है। इस जुड़ाव का एक केंद्रीय तत्व खुला चुनावी दायरा है जोकि महिलाओं को स्थानीय चुनाव लड़ने और जमीनी स्तर से प्रभावशाली पदों तक पहुँचने में सक्षम बनाता है। मुस्लिम महिलाएँ, विशेष रूप से, वैचारिक या सांप्रदायिक विभाजनों पर सामुदायिक मुद्दों को प्राथमिकता देकर शासन को नया रूप देने के लिए इस राजनीतिक मंच का उपयोग कर रही हैं। कई महिलाएँ पार्टियों में शामिल होती हैं या स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ती हैं, और समुदाय की छवि बदलने के लिए राजनीतिक आख्यान को दिशा देती हैं। सरकार ने उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण, कृषि सिंचाई योजना, अटल पेंशन योजना, जन धन योजना, नारी शक्ति पुरस्कार योजना और स्वयंसिद्धा योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मुस्लिम महिलाओं के लिए चुनावी राजनीतिक सहित निर्णय लेने में भागीदारी के रास्ते खोले हैं।

## भ्रष्टाचार का आरोप: पत्रकार के खुलासा के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पचरुखी के क्लर्क अनूप कुमार करता है गुंडागर्दी....

**सीवान** जिले में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहाँ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पचरुखी(बीईओ) अदिति कुमारी और उनके क्लर्क अनूप पर आय से अधिक संपत्ति, भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। एक स्थानीय पत्रकार, मसरूर अहमद ने मुख्यमंत्री से लेकर शिक्षा विभाग और निगरानी विभाग के उच्च अधिकारियों तक को इस मामले की लिखित शिकायत भेजी है।

जिसके बाद आज क्लर्क अनूप कुमार के द्वारा ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दिया गया है यह मामला तब और भी गंभीर हो गया जब खबर छपने के बाद क्लर्क अनूप ने पत्रकार को फोन पर गाली-गलौज जान से मारने की धमकी दी। क्लर्क ने पत्रकार को बताया कि उसके पास 10 करोड़ की संपत्ति है और शिक्षा विभाग में सीवान से लेकर पटना तक मेरी पहुँच है। क्लर्क ने यह भी कहा कि वह रोज शराब पीता है और उसका कोई कुछ नहीं कर सकता। उसने पत्रकार के साथ गाली-गलौज भी की। इस धमकी के बाद, पत्रकार मसरूर अहमद ने क्लर्क के खिलाफ लिखित शिकायत जिला पदाधिकारी सीवान एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सीवान आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। यह घटना सीवान में अधिकारियों और कर्मचारियों के कथित "गुंडा राज" को उजागर करती है।

**आरोपों पर क्या है प्रतिक्रिया?**

पत्रकार मसरूर अहमद का आरोप है कि बीईओ अदिति कुमारी और क्लर्क अनूप शिक्षकों को झूठी रिपोर्ट और निलंबन की धमकी देकर उनसे जबरन पैसे वसूलते हैं। इसी अवैध वसूली के कारण उनकी आय में भारी वृद्धि हुई है। फिलहाल, इस मामले में किसी अधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। यह देखना बाकी है कि शिक्षा विभाग और निगरानी विभाग इस मामले की जाँच किस तरह आगे बढ़ाते हैं।

## सामूहिक गोठ में देंगे "जूठन नहीं छोड़ने" का संदेश



**जयपुर। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की 59वीं सामूहिक गोठ एवं महेश मेला रविवार,** 14 सितम्बर को शाम 6 बजे विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होगा। इस बार आयोजन का मुख्य संदेश रहेगा– "उतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में"। समाज के अध्यक्ष उमेश सोनी ने बताया कि सामूहिक गोठ केवल मेल-मिलाप का अवसर ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का एक माध्यम भी है। भगवान महेश की झांकी विशेष आकर्षण रहेगी। महामंत्री सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल) ने बताया कि गोठ के दौरान जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प कराया जाएगा। हर दाने को प्रसाद मानकर ग्रहण करने का संदेश दिया जाएगा और इस अभियान को रोचक बनाने के लिए सरप्राइज गिफ्ट भी रखे गए हैं। महेश मेले में लगभग 15,000 समाजबंधु पारंपरिक दाल-बाटी-चूरमा का आनंद लेंगे। एक बार में 2,500 लोगों के बैठकर भोजन करने की व्यवस्था होगी।

## फल्गु लोककला महोत्सव के लोकगायन कार्यक्रम में कलाकारों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध




**कैथल (कृष्ण प्रजापति): कला** एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में फल्गु तीर्थ पर तीन दिवसीय लोककला महोत्सव के दूसरे दिन लोकगायन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रामपाल सैनी, कुलपति, चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद, अध्यक्षता पद्मश्री महाबीर गुड्डू और विशिष्ट अतिथि डॉ ऋषिपाल प्राचार्य जनता कॉलेज कौल ने दीप प्रज्वलित से किया, जिसके बाद अतिथियों और कलाकारों का स्वागत आयोजक समिति की ओर से फूल माला, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह से किया गया।

लोकगायन कार्यक्रम की शुरूआत में लोकगायक सुरेश भाणा ने फल्क ऋषि की वंदना प्रस्तुत की। जिसके बाद उन्होंने 'मर्द व्यवहारी न सरता कोन्या' की प्रस्तुति से श्रोताओं का मन? मोह कर खूब तालियां बटोरी। लोकगायिका आरती जांगड़ा की 'घर मैं गंगा बहण लागरी ' रागनी की प्रस्तुति श्रोताओं को खूब भायी और उनकी प्रस्तुति के दौरान कई बार तालियां बजी। लोकगायक दिनेश किलोई ने रागनी 'आपणी आपणी चलती के मै ' और 'दो दो दिन का खेल जगत मैं' की प्रस्तुति दी। जिस पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उनके बाद सुप्रसिद्ध हरियाणवी लोकगायिका राजबाला बहादुरगढ़ ने 'श्रद्धा करकै चालो भाइयो फल्गु जी पै जाणा' और ' दशरथ राजा तन्नै वचन भरया था' आदि बेहतरीन रागनियों की प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति से दर्शक खूब आनंदित नजर आये। लोकगायन कार्यक्रम की अन्य प्रस्तुति भी भक्ति रस और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रही। सानिया बहादुरगढ़ ने ' सौ सौ पड़ै मुसीबत बेटा' की सराहनीय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. रामपाल सैनी ने हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत फल्गु लोककला महोत्सव के आयोजन के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति को साधुवाद दिया और एक देशभक्ति की हरियाणवी रागनी भी प्रस्तुत करते हुए संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष पद्मश्री महाबीर गुड्डू ने सामाजिक और संस्कृति से ओत-प्रोत प्रस्तुति पर लोक कलाकारों की? प्रशंसा की और 'गंगा जी तेरे खेत मै' की प्रस्तुति भी दी। उन्होंने लोकगायन संध्या के सुंदर आयोजन पर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति का धन्यवाद व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋषिपाल ने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के कलाकारों की प्रस्तुति और श्रोताओ के अनुशासन की प्रशंसा की। फल्गु मन्दिर सुधार समिति की ओर से सभी आमंत्रित अथितियों, लोकगायकों और श्रोताओं का धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम का समापन करते हुए दिनेश शर्मा ने तीसरे दिन के हास्य-मखौल और कवि सम्मेलन कार्यक्रम की जानकारी देने के बाद कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा से कार्यक्रम में उपस्थित संदीप नैन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों में इंद्रप्रस्थ अध्ययन केंद्र नई दिल्ली से प्रो. मोनिका सेठी और प्रशांत, करनाल से अमित, दीपशिखा, सुबे सिंह आदि कार्यक्रम में पहुंचे जबकि संजीव राणा, मास्टर रामकुमार, अजय राणा, हर्ष राणा, कपिल वर्मा, तरसेम शर्मा के अतिरिक्त सैंकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

## जयपुर में हुआ कश्मीरी शान और इटालियन आकर्षण का संगम

### –यूईआई ग्लोबल जयपुर में एनुअल फूड फेस्टिवल दावत-ए-इटालिया-2025 का आयोजन



**जयपुर**

युवा हाथों ने पाक कला में जब फ्यूजन किया तो फैशन के खाने के दीवानें रोमांचित हो गए। क्योंकि पाक कला में देश-विदेश का फ्यूजन कुछ खास थे। मौका था वैशाली नगर स्थित यूईआई ग्लोबल जयपुर में एनुअल फूड फेस्टिवल

दावत-ए-इटालिया-2025 का, जिसमें इंडिया और इटली की डिशेज का फ्यूजन किया गया सबसे खास बात थी कि ये उन युवा हाथों ने कर दिखाया था, जिन्होंने कुछ समय पहले ही खाना बनाने की कला सीखना शुरू किया है। इस दौरान कश्मीर के व्यंजनों को खासतौर से जोड़ा गया कश्मीरी शान और इटालियन आकर्षण का संगम किया गया, जिसने परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत मेल प्रस्तुत किया इस दौरान फेस्टिवल प्रथम वर्ष के हॉस्पिटैलिटी छात्रों के लिए अपनी पाक कला, पेशेवर शिष्टाचार और प्रबंधन कौशल को प्रदर्शित करने का मंच साबित हुआ। बच्चोंने ड्रेस भी कश्मीरी पहनी और मेकअप भी कश्मीर और इटली का रहा, जिससे खाने के स्वाद में रियल टच लाया जा सके।

वहीं कैंपस का डेकोरेशन भी इटली की थीम पर किया गया था, जिससे वहां आने वाले मेहमानों और पेरेंट्स को जयपुर में इटली के टच की अनुभूती हुई। लॉबी को इटली की झलक से सजाया गया, जहां गांडोला, रंगीन वेनिस की इमारतें और इटालियन तिरंगा खास रहा। वहीं पाथवे और रेस्टोरेंट को कश्मीर की खूबसूरती में बदल दिया गया, जिसमें चिनार के पेड़, ट्यूलिप गार्डन, बर्फ से ढके पहाड़ और सेल्फी पॉइंट के लिए पारंपरिक शिकारा था।

## अमेठी पुलिस ने मुठभेड़ में दो अंतरजनपदीय गोकशों को किया गिरफ्तार

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के जनपद अमेठी की जायस कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में गोकशी की योजना बना रहे दो अंतरजनपदीय गोकशी के अपरापितों को दबोच लिया। दोनों के पैर में गोली लगी हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को बताया कि, सूचना के आधार पर जायस कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने इलाके में बीती रात गोकशों की घेराबंदी की।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए एसजीपीसी की राहत सेवाएँ पूरी तरह पारदर्शी हैं - एडवोकेट धामी

**अमृतसर, 13 सितंबर : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक क**मेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कुछ सदस्यों द्वारा सिख संस्था के खिलाफ फैलाए जा रहे झूठे प्रचार का कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि बाढ़ से पीड़ित लोगों के साथ खड़े होने की बजाय ये लोग राजनीतिक बयानबाजी में लगे हुए हैं। जारी एक बयान में एडवोकेट धामी ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एक संयुक्त सिख संगठन होने के नाते बाढ़ पीड़ितों के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है और इसके प्रयासों को सीमित करने की राजनीति बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पास दी गई सेवाओं का पूरा विवरण है, जिसे कल अंतरिम कमेटी की बैठक के बाद मीडिया के साथ भी साझा किया गया। उन्होंने बताया कि 10 सितम्बर तक सिख संगठन द्वारा 77 लाख से अधिक की राहत सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं, जिनमें लंगर, आवश्यक सामग्री, आवश्यक सामान और पुलों को मजबूत करने के लिए डीजल आदि शामिल हैं।

शिरोमणि कमेटी सदस्यों द्वारा सिख संगठन की सेवाओं को शिरोमणि अकाली दल की राजनीति से जोड़ने के बारे में एडवोकेट धामी ने कहा कि यह पूरी तरह से निराधार और निराधार विचार है।



उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी सभी का एक साझा संगठन है और इसकी सेवाओं में कोई भी सहयोग कर सकता है।

उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी द्वारा डीजल उपलब्ध कराने का निर्णय लोगों की मांग के अनुसार पहले दिन से ही लिया गया था। जिसके तहत गुरुद्वारा श्री बेर साहिब सुल्तानपुर लोधी से इसकी नियमित शुरूआत की गई और बाद में मांग के अनुसार विभिन्न गुरुद्वारों से डीजल उपलब्ध कराया गया। इसकी खरीद और वितरण के लिए सिख संगठन के नियमों के अनुसार काम किया जा रहा है।

एडवोकेट धामी ने कहा कि श्री जसवंत सिंह पुडैन द्वारा कल अंतरिम समिति की बैठक में जिस प्रस्ताव संख्या 53 पर चर्चा की जा रही थी, वह तत्काल राहत सेवाओं के लिए भेजी गई स्वीकृतियों की पुष्टि के संबंध में था। उन्होंने कहा कि संस्था के कामकाज की एक प्रक्रिया होती है और बड़े खर्चों की मंजूरी अंतरिम समिति द्वारा दी जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रस्ताव में विवरण शामिल नहीं होते, बल्कि ये विवरण संबंधित गुरुद्वारा साहिबों के पास सुरक्षित रखे जाते हैं और बिलों के साथ संलग्न होते हैं। ये विवरण कल भी सार्वजनिक किए गए थे और कोई भी इन्हें देख सकता है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि एक अंतरिम समिति सदस्य शिरोमणि कमेटी की कार्यप्रणाली पर गैर-ज़िम्मेदाराना तरीके से सवाल उठा रहा है।

एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि शिरोमणि कमेटी की निस्वार्थ सेवाओं पर सवाल उठाने वाले ये सभी लोग इसी व्यवस्था का हिस्सा हैं और अलग होने से पहले उन्हें सब कुछ सही लगता था। लेकिन अब जब वे दूसरे गुट में शामिल हो गए हैं, तो उन्हें सब कुछ गलत लगता है। उन्होंने सवाल किया कि यह कैसा दोहरा मापदंड है?

एसजीपीसी अध्यक्ष ने इन सदस्यों से पंजाब के मौजूदा हालात को समझने और सिख संस्था द्वारा दी जा रही विशाल सेवाओं को जानबूझकर नुकसान न पहुँचाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में पंजाब और पंजाबियों के साथ खड़ा होना एसजीपीसी की जिम्मेदारी है और सिख संगठन इस जिम्मेदारी को निभाने में पीछे नहीं हटेगा।

## अधिवक्ताओं का संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण में अग्रणी भूमिका आवश्यक : न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन




**जयपुर :** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का 34वां स्थापना दिवस मंगलवार को राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर स्थित सतीश चंद्र सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण" रहा, जिस पर न्यायविदों एवं अधिवक्ताओं ने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधिपति अशोक कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि संवैधानिक सिद्धांत न केवल न्यायपालिका की नींव हैं, बल्कि वे समाज में न्याय, समानता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का आधार भी हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं और संगठनों से संवैधानिक मान्यताओं की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और अनुच्छेद 21 से जुड़े महत्वपूर्ण न्यायिक दृष्टांतों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के प्रांत अध्यक्ष प्यारे लाल ने की अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता ही देश की प्रगति की नींव है। अधिवक्ताओं को जनमानस में न्यायपालिका के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एवं परिषद के क्षेत्रीय मंत्री कमल परसवाल ने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को सर्वोपरि दायित्व मानें और सामाजिक न्याय की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में प्रांत महामंत्री अभिषेक सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन उच्च न्यायालय इकाई के महामंत्री धर्मेंद्र बराला ने किया। अतिथि परिचय स्टडी सर्किल प्रमुख नितिन जैन ने दिया, विषय परिचय गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने और संगठन परिचय संजीव सोगरवाल ने रखा। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत से हुई, जिसका संचालन इकाई मंत्री मीनल भार्गव और गुंजन चावला ने किया, जबकि राष्ट्रगान शुभम जैन और राजाराम चौधरी ने करवाया। मंच पर परिषद की उपाध्यक्ष सोनिया शांडिल्य भी उपस्थित रहीं। समारोह के मुख्य अतिथि का इकाई संरक्षक जगमोहन सक्सेना और नीरज भट्ट ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। इकाई अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित अधिवक्ता समुदाय का आभार व्यक्त किया।

## मोदी का 1600 करोड़ का पैकेज पंजाब के साथ भद्दा मजाक: विधायक जसविंदर सिंह रामदास



**अमृतसर, 13 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
आम आदमी पार्टी के अटारी विधानसभा क्षेत्र से विधायक जसविंदर सिंह रामदास ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए घोषित 1600 करोड़ का पैकेज महज एक भद्दा मजाक है। बाढ़ के कारण पंजाब में हजारों लोगों के घर बर्बाद हो गए हैं, किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं और पशुधन सहित कई तरह की क्षति हुई है। इसी तरह, सरकारी इमारतों, स्कूलों और सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ है।

रामदास ने कहा कि केंद्र द्वारा दिया गया 1600 करोड़ का पैकेज पंजाब के भारी नुकसान की तुलना में बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है। यह राशि न तो विस्थापित परिवारों को आश्रय दे सकती है और न ही किसानों को हुए नुकसान की भरपाई कर सकती है। केंद्र ने एक बार फिर पंजाब के साथ भेदभाव की नीति अपनाई है, जो लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने के बराबर है। उन्होंने कहा कि पंजाब हमेशा से देश का अन्न भंडार रहा है और हर संकट में देश के लिए कुर्बानियाँ दी हैं। इसके बावजूद, जब पंजाब खुद मुश्किल दौर से गुजर रहा है, केंद्र सरकार द्वारा इतना अपमानजनक पैकेज देना बेहद निराशाजनक है। यह पंजाब के किसानों और मजदूरों की मेहनत का अपमान है। विधायक जसविंदर सिंह रामदास ने स्पष्ट किया कि आम आदमी पार्टी बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है और जनता की आवाज बनकर केंद्र तक यह संदेश पहुँचाती रहेगी। उन्होंने माँग की कि केंद्र सरकार नुकसान के वास्तविक आकलन के अनुसार तुरंत एक बड़े पैकेज की घोषणा करे, अन्यथा पंजाब की जनता उसे माफ नहीं करेगी।

## धौलपुर में 21 से 23 सितम्बर तक कांग्रेस सेवादल का संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया)**
जिला कांग्रेस सेवादल धौलपुर के तत्वावधान में 21 से 23 सितम्बर तक हिना रिसोर्ट, सैपऊ रोड पर तीन दिवसीय आवासीय संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा।

जिला कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने शिविर को लेकर प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण दिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस सेवादल प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, राजस्थान सह प्रभारी चिंरजीवी राव, संगठन महासचिव ललित तूनवाल, हरसहाय यादव (चेयरमेन, ओबीसी विभाग, प्रदेश कांग्रेस कमेटी), एम.डी. चोपदार (चेयरमेन, अल्पसंख्यक विभाग, राजस्थान) तथा राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमेन को विशेष आमंत्रण प्रदान किया गया है।



शिविर में जिलेभर से कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे और संगठन की मजबूती, प्रशिक्षण तथा सेवादल की विचारधारा पर मंथन करेंगे।

## डीआईजी ने 117 बटालियन बीएसएफ की बाढ़ प्रभावित सीमा चौकियों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

**गुरदासपुर, 13 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



**श्री** जसविंदर कुमार बिरदी, डीआईजी स्टेशन मुख्यालय बीएसएफ गुरदासपुर ने श्री बृज मोहन पुरीत, कमांडेंट 117 बटालियन बीएसएफ, श्री आदर्श कुमार सैनिया, ज़िला पुलिस महानिदेशक (ऑपरेशन), श्री उमेद सिंह दरयाल, डीसी/एडजुट और श्री अमित कुमार सिंह, एसी/क्यूएम के साथ बीओपी शाहपुर, बीओपी शाहपुर फॉरवर्ड, बीओपी चन्ना पट्टन, चानिया और बीओपी पंजग्रायन का दौरा किया। उन्होंने ट्रैक्टर, नाव और पैदल यात्रा की। 117 बटालियन बीएसएफ के क्षेत्र का पूरी तरह से मुआयना किया गया। दौरे के दौरान, डीआईजी ने सीमा पर तैनात कर्मियों से बातचीत की और बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। डीआईजी ने बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य जमीनी हालात की समीक्षा, नुकसान का आकलन और कठिन परिस्थितियों में तैनात जवानों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना था। डीआईजी ने प्रभावित सीमा चौकी पर तैनात अधिकारियों और जवानों से बातचीत करते हुए, कठिन परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद सीमा सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने बुनियादी ढाँचे, संचार लाइनों और आवश्यक आपूर्ति को हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया और आश्वासन दिया कि राहत कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। डीआईजी ने सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर हाई अलर्ट पर रहने की आवश्यकता पर बल दिया और क्षेत्रीय कमांडरों को समय पर राहत और पुनर्वास के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जवानों के लिए रसद सहायता, चिकित्सा सुविधाएँ और कल्याण व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। डीआईजी ने प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद देश की सीमाओं की रक्षा करने में बीएसएफ जवानों के अटूट साहस की सराहना की और आश्वासन दिया कि बीएसएफ सीमा सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे के माध्यम से हुआ कुल 6855 प्री-लिटीगेशन एवं लंबित प्रकरणों का हुआ निस्तारण

**देश का दर्पण न्यूज ,धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 13 सितम्बर।**
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के आदेशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर के मार्गदर्शन में प्रीति नायक एमएसीटी न्यायाधीश के द्वारा तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्जलित करके किया गया।

रेखा यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर ने




बताया कि धौलपुर जिले में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु कुल 11 बैंचों का गठन किया गया है। धौलपुर मुख्यालय पर 5 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें स्थायी लोक अदालत धौलपुर एवं उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग धौलपुर के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 01, मोटर दुर्घटना दावा आधिकरण हेतु बैंच संख्या 02, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटु जेजेबी धौलपुर के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 03, प्रो-बोनो न्यायालय हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1/2/3 के प्रकरणों की सुनवाई हेतु बैंच संख्या 4 गठित की गई है। प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 05 गठित की गई है,

इसी प्रकार सैंपऊ मुख्यालय हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट सैंपऊ की बैंच संख्या 06 गठित की गई है।

इसी प्रकार ताल्लुका बाड़ी मुख्यालय पर 04 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें बैंच संख्या 01 सेशन न्यायालय एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों हेतु, बैंच संख्या 02 मजिस्ट्रेट न्यायालयों बाड़ी हेतु गठित की गई है एवं बैंच संख्या 03 न्यायिक मजिस्ट्रेट बसेडी के लिए गठित की गई है एवं बैंच संख्या 04 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सरमथुरा के लिए गठित की गई है। ताल्लुका राजाखेड़ा मुख्यालय हेतु बैंच संख्या 01 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा के लिए गठित की गई है।

## उपायुक्त ने किसानों से मंडियों में सूखा धान लाने की अपील की

**जैतो, 13 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
जिला प्रशासन फरीदकोट ने इस धान खरीद सीजन के लिए पूरी तैयारी कर ली है ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी न हो। यह जानकारी उपायुक्त महोदया पूनमदीप कौर ने साझा की।



उन्होंने बताया कि जिले में धान की खरीद के लिए कुल 68 खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 22 केंद्र मार्केट कमेटी जैतो में हैं। इन खरीद केंद्रों पर छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

उपायुक्त ने किसानों से सरकारी मानकों के अनुसार मंडियों में केवल सूखा धान लाने की अपील की। ??उन्होंने कहा कि खरीद के लिए लाए गए धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। नमी की मात्रा अधिक होने के कारण मंडियों में धान की कमी हो जाती है, सुखाने के लिए जगह की कमी हो जाती है और किसानों को फसल बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सूखे धान की खरीद जहाँ शीघ्रता से होती है, वहीं किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य भी मिलता है। इससे न केवल मंडियों में जगह बचती है, बल्कि सूखे धान को रखना भी आसान होता है और यह फफूंद या सड़न से भी सुरक्षित रहता है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे रात के समय हार्वेस्टर से कटाई न करें क्योंकि इससे धान में नमी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि धान की कटाई केवल दिन में ही सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही करें, ताकि फसल की गुणवत्ता सरकारी मानकों के अनुसार बनी रहे।

## हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर आर.के.एस.डी कॉलेज कैथल के सायंकालीन सत्र में हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कैथल (कृष्ण प्रजापति)**
स्थानीय आर.के.एस.डी. कॉलेज के सायंकालीन सत्र में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर विविध सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रमों में कविता पाठ प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, एकल अभिनय तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता शामिल रही। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का



उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव शर्मा ने किया। डॉ. कुसुम लता, प्रो दीपिका गुप्ता ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया। निर्णायक मंडल में डॉ. सुनील श्योंकद, डॉ. देवी लाल और डॉ. संयोगिता शर्मा शामिल रहे, जिन्होंने निष्पक्ष मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया।

प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहेः कविता पाठ प्रतियोगिता : अमन ने प्रथम, किरन ने द्वितीय और कुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता : मानसी ने प्रथम, सौरभ ने द्वितीय और शिक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मोदी ने केवल 1600 करोड़ का पैकेज देकर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार किया: दलबीर सिंह टोंग

**अमृतसर, 13 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
बाबा बकाला विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक दलबीर सिंह टोंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंजाब के लिए घोषित 1600 करोड़ के राहत पैकेज को महज एक भद्दा मजाक बताते हुए कहा कि यह पंजाब की आबादी और बाढ़ से हुए नुकसान की तुलना में बहुत कम है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे छोटे राज्य को 1500 करोड़ और पंजाब जैसे बड़े और कृषि प्रधान राज्य को केवल 1600 करोड़ देना मोदी सरकार द्वारा पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार है। टोंग ने कहा कि बाढ़ के कारण पंजाब के किसानों, मजदूरों और आम परिवारों को कई हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। घर ढह गए हैं, खेत जलमग्न हो गए हैं और लोगों के रोजगार नष्ट हो गए हैं। ऐसे में केंद्र द्वारा केवल 1600 करोड़ जारी करना पंजाब के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने हमेशा देश की सीमाओं की रक्षा की है और कृषि के माध्यम से देश का पेट भरा है, लेकिन यह अफसोस की बात है कि मोदी सरकार हमेशा पंजाब के साथ भेदभाव करती रही है। दलबीर सिंह टोंग ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए मांग की कि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए अलग से एक बड़ा पैकेज जारी किया जाए ताकि लोगों को अपना जीवन फिर से शुरू करने में मदद मिल सके। टोंग ने कहा कि पंजाब के लोग मोदी सरकार की इस लापरवाही को कभी नहीं भूलेंगे और समय आने पर लोग लोकतांत्रिक हथियार के रूप में मतदान के माध्यम से अपना गुस्सा जाहिर करेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाबियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है।

## गंगासागर में दुर्गा पूजा समितियों को अनुदान के रूप में चेक वितरित

**रमेश राय**
**गंगासागर, दक्षिण 24 परगना**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहल के तहत दुर्गा पूजा समितियों को अनुदान दिए जाने की परंपरा के अनुरूप शनिवार को सागर ब्लॉक के ब्लॉक विकास अधिकारी कार्यालय में 28 दुर्गा पूजा समितियों को प्रत्येक के लिए 1,10,000 रुपये के चेक वितरित किए गए। इस अनुदान का उद्देश्य स्थानीय पूजा आयोजकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और आयोजन के सुचारु संचालन में सहयोग देना है। कार्यक्रम में मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बापी हालदार, सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा,



सागर ब्लॉक के ब्लॉक विकास अधिकारी कनैया कुमार राव, सुंदरबन पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौस्तवदीप्त आचार्य, सागर के उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी सुमन कांती घोष, सागर थाना प्रभारी अर्पण नायेक, गंगासागर तटीय थाना प्रभारी पार्थ साहा, सागर पंचायत समिति की अध्यक्ष सबीना बीबी, उपाध्यक्ष स्वप्न कुमार प्रधान, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार पात्र सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## धौलपुर में 21 से 23 सितम्बर तक कांग्रेस सेवादल का संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया)**
जिला कांग्रेस सेवादल धौलपुर के तत्वावधान में 21 से 23 सितम्बर तक हिना रिसोर्ट, सैपऊ रोड पर तीन दिवसीय आवासीय संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। जिला कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने



शिविर को लेकर प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण दिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस सेवादल प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, राजस्थान सह प्रभारी चिंरजीवी राव, संगठन महासचिव ललित तूनवाल, हरसहाय यादव (चेयरमेन, ओबीसी विभाग, प्रदेश कांग्रेस कमेटी), एम.डी. चोपदार (चेयरमेन, अल्पसंख्यक विभाग, राजस्थान) तथा राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमेन को विशेष आमंत्रण प्रदान किया गया है।

## सहकारी समितियां छोटे किसानों को पराली प्रबंधन हेतु आवश्यक मशीनरी उपलब्ध कराएंगी–डीसी

**फरीदकोट, 13 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )** जिले में शत-प्रतिशत पराली प्रबंधन लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से उपायुक्त महोदया पूनमदीप कौर की अध्यक्षता में फरीदकोट जिले की सहकारी समितियों के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।



बैठक के दौरान, उपायुक्त महोदया पूनमदीप कौर ने कहा कि इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य जिले को पराली जलाने से मुक्त बनाना है और सहकारी समितियां इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की कृषि को मजबूत करने के लिए राज्य की सभी सहकारी समितियों को मजबूत करना समय की मांग है, क्योंकि हर गांव के किसानों का सहकारी समितियों से सीधा संबंध है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सहकारी समितियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों की सहकारी समितियों को कृषि मशीनरी की आवश्यकता है, उनकी सूची तैयार करें और सब्सिडी पर कृषि मशीनरी के लिए आवेदन करें ताकि ये मशीनें छोटे और सीमांत किसानों को उपलब्ध कराई जा सकें और इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सके।

# चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोहिया संस्थान का अहम योगदान: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोहिया संस्थान का अहम योगदान है। केजीएमयू, लोहिया संस्थान व एसजीपीजीआई ने कार्य करते हुए आज उत्तर प्रदेश के अन्दर चिकित्सा स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मानक गढ़े हैं। नेपाल, बिहार व पूर्वांचल के जिलों से बड़ी संख्या में मरीज लोहिया संस्थान में इलाज के लिए आते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं। पहले अस्पतालों में आईसीयू बेड नहीं थे। लोगों का समय पर इलाज नहीं हो पाता था। आज टीम वर्क के साथ बेहतर उपचार मिल रहा है। काम करने का जज्बा होता है तो सारी चीजें ठीक होती हैं। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना काल में बहुत कुछ सीखने को मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकि का उपयोग कर हम भीड़ की गति को रोक सकते हैं। पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पताल में भी व्यवस्थाएं ठीक हुई हैं। लोगों को इलाज मिल



रहा है। उन्होंने कहा कि चरक व सुश्रुत दुनिया को भारत की देन है। भारत ने विश्व को पहला सर्जन दिया। समय के अनुरूप हम उस गति को बनाकर रख नहीं पाये।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास के साथ कई चिकित्सकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो.सी.एम. सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों से सबको अवगत कराया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सचिव चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अमेठी पुलिस ने मुठभेड़ में दो अंतरजनपदीय गोकशों को किया गिरफ्तार



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के जनपद अमेठी की जायस कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में गोकशी की योजना बना रहे दो अंतरजनपदीय गोकशी के अपरापितों को दबोच लिया। दोनों के पैर में गोली लगी हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को बताया कि, सूचना के आधार पर जायस कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने इलाके में बीती रात गोकशों की घेराबंदी की। पुलिस टीम को देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपित घायल होकर गिर पड़े, जबकि उनके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान आजाद (28) व सिरताज (32) पुत्रगण अल्लू, निवासी कंचाना थाना जायस के रूप में हुई हैं। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि 11 सितंबर की रात उन्होंने अपने चार अन्य साथियों के साथ सराय महेशा गांव में गोकशी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, चाकू, लोहे का चापड़, लकड़ी का ठीहा, रस्सियां, टॉर्च, पन्नी, बोरी और गोकशी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपित सगे भाई हैं और उन पर अमेठी और रायबरेली जिलों में गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, चोरी व धोखाधड़ी सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## नेत्रहीन विधवा महिला के साथ धोखाधड़ी, जमीन व मकान हड़पने का आरोप



**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के बिधूना तहसील क्षेत्र के एरवाकटरा थाना इलाके में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां गांव दोबामाफी की रहने वाली नेत्रहीन विधवा महिला रीता ने तहसील प्रशासन और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि गांव के लेखपाल व उसके साथियों ने दवा दिलाने के बहाने उसे तहसील ले जाकर उसके मकान और जमीन के कागजात पर अंगूठा लगवा लिया और धोखे से जमीन अपने नाम करा ली।

रीता जन्म से ही नेत्रहीन हैं। हाल ही में उनके पति सर्वेश का निधन हो गया, जिससे परिवार पहले से ही टूट चुका है। रीता का एक मात्र सहारा उनका 5 वर्षीय बेटा है। पीड़िता ने बताया कि 10 तारीख को गांव का लेखपाल और कुछ लोग उसे तहसील ले गए। बहाना दवा दिलाने का बनाया गया, लेकिन वहां जमीन और मकान से जुड़े दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाकर उनके नाम से बैनामा करा लिया गया।

मामला तब उजागर हुआ जब शुक्रवार को परिवार को इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली। इसके बाद रीता अपनी बहन अनीता और भतीजी शिवा के साथ थाना एरवाकटरा पहुंचीं। वहां उन्होंने न सिर्फ जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज कराई बल्कि आरोप लगाया कि उनका बच्चा भी वर्तमान में आरोपियों के पास है।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला को सुझाव दिया कि वह तहसील में लिखित शिकायत दर्ज कर बैनामा रद्द कराए। इसके बाद पीड़िता ने तहसील बिधूना जाकर अधिकारियों से गुहार लगाई। तहसील प्रशासन ने जांच का आश्वासन दिया है और पूरे मामले की पड़ताल करने की बात कही है।

## डंपर ने मारी स्कूटी में टक्कर, दो की मौत




**गौतम बुद्ध नगर।** थाना बिसरख क्षेत्र में स्कूटी पर सवार होकर जा रहे दो लोगों को एक डंपर चालक ने कुचल दिया। इस घटना में दोनों की मौत हो गई है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को श्रीमती साधना पत्नी प्रदीप यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूल रूप से जनपद मधुबनी बिहार की रहने वाली हैं, तथा बिसरख क्षेत्र के महालक्ष्मी इनक्लेव में किराए पर रहती है। महिला के अनुसार उनके पति प्रदीप यादव और उनके बड़े भाई कार्तिक कुमार पुत्र महेश यादव स्कूटी पर सवार होकर अपने काम से बीती रात को वापस आ रहे थे। महिला के अनुसार जैसे ही वे लोग रोजा जलालपुर गांव के पास स्थित पुलिस चौकी के पास पहुंचे एक डंपर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हैं उनकी स्कूटी में टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में महिला के पति और भाई की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रयागराज: मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफतार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नैनी थाना क्षेत्र में फूलमंडी के समीप शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस टीम ने दोनों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस टीम ने दोनों के कब्जे से लूटी गई एक चेन, एक मोटरसाइकिल और दो तमंचा, कारतूस एवं अन्य सामान बरामद किया।

पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि गिरफ़्तार आरोपित में प्रयागराज के जार्जटाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर के डंडिया निवासी उमाशंकर जायसवाल पुत्र पीताम्बर लाल जायसवाल और धूमनगंज थाना क्षेत्र के गयासुद्दीनपुर ट्रांसपोर्ट नगर निवासी संतोष कुमार रावत पुत्र दिनेश है। दोनों के खिलाफ लूट एवं छिनैती के मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस टीम ने लुटेरों के कब्जे

लूट की 1 चेन (पीली धातु), 910 रुपए नगद, घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल तथा 2 अवैध देशी तमंचा , 2 जिंदा कारतूस व 1 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि नैनी के चकदाऊद निवासी कमलेश द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय श्रीराम द्विवेदी ने 8 सितम्बर को समय करीब 5 बजे (शाम) आवेदक की पुत्रवधू पूनम द्विवेदी पत्नी नितेश द्विवेदी अपने बच्चों को ट्यूशन क्लास के लिए झिलमिल कॉलोनी छोड़ने गई थी, तभी पीछे से नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार 2दो बदमाश मेरी पुत्रवधू के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में मुकदमा दर्ज करके तलाश की जा रही थी। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अत्यधिक बारिश से राजकीय नर्सरी से बह गई मत्स्य बीज, लाखों की हुई राजस्व क्षति

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित मत्स्य परिक्षेत्र तेंदुआ मेजा राजकीय मत्स्य नर्सरी से अत्यधिक बारिश होने से लाखों की मत्स्य बीज बह गई। यह जानकारी शनिवार को प्रयागराज मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक तिवारी और मत्स्य परिक्षेत्र तेंदुआ कला प्रदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मत्स्य परिक्षेत्र तेंदुआ कला में राजकीय मत्स्य नर्सरी है।

# डॉ.भीमराव अम्बेडकर के बारे में साधु संत चुप रहें तो यह उचित होगा: मायावती



**लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा)** प्रमुख मायावती ने साधु संतों की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लेकर दिए जा रहे बयानबाजी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अतुल्य योगदान के बारे में सही जानकारी नही होने के कारण उनको इस बारे में कोई भी गलत बयानबाजी आदि करने की बजाए यदि वे चुप रहें तो यह उचित होगा।

बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट लिखा हैं। उन्होंने लिखा कि जैसाकि विदित है कि आएदिन सुर्खियों में बने रहने के लिए कुछ साधु संत बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के बारे में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। विवादित बयानबाजी करने वाले कुछ साधु-सन्तों को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान के निर्माण में रहे उनके अतुल्य योगदान के बारे में सही जानकारी नहीं होने के कारण इनको इस बारे में कोई भी गलत बयानबाजी आदि करने की बजाए यदि वे चुप रहें तो यह उचित होगा। साथ ही, बाबा साहेब के अनुयायी, मनुस्मृति का विरोध क्यों करते हैं? उसे भी इनको अपनी जातिवादी द्वेष की भावना को त्याग कर जरूर समझना चाहिये। मायावती नू लिखा कि इसके साथ-साथ, इन्हें यह भी मालूम होना चाहिये कि बाबा साहेब विद्वान व्यक्तित्व थे। इस मामले में कोई भी टीका-टिप्पणी करने वाले साधु-सन्त, इनकी विद्वता के मामले में कुछ भी नहीं हैं। अतः इस बारे में भी कुछ कहने से पहले इनको जरूर बचना चाहिये, यही उनकी नेक सलाह है।

उल्लेखनीय है कि जगदगुरु रामभद्राचार्य ने एक इंटरव्यू में कहा था कि डॉ. अम्बेडकर को संस्कृत भाषा का ज्ञान नहीं था। अगर उन्हें संस्कृत आती तो वो मनुस्मृति का अपमान नहीं करते। उनके इस बयान के एक दिन बाद बसपा प्रमुख मायावती की यह प्रतिक्रिया आई है। हालांकि उन्होंने किसी का भी नाम नहीं लिया है।

## उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री



**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने बताया कि उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन व उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मुरादाबाद मंडल की ओर से शनिवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री भेजी गई है। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री में मुख्यतः मच्छरदानी, तिरपाल, सेनेटरी पैड्स, गद्दे, दवाईयां, कपड़े, राशन का सामान, सोलर लाइट्स इत्यादि जरुरत का अधिक से अधिक सामान एकत्रित किया गया है। इस दौरान उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की मंडल अध्यक्ष सुमन मौर्य के निर्देशन में सचिव भानुप्रिया बाधवान सहित संगठन की टीम ने यह सामान एकत्रित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। वहीं पंजाब बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में राहत कार्यों के लिए मुरादाबाद मंडल से स्काउट्स एवं गाइड्स की 20 सदस्यों की टीम भी भेजी गई है, जो वहां बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सेवा कार्य भी करेगी। यह कार्य डीआरएम संग्रह मौर्य, एडीआरएम परितोष गौतम व एसपी तिवारी निर्देशन में किया गया।

## धोखाधड़ी मामले में पूर्व आईपीएस और उनकी पत्नी के? खिलाफ मुकदमा दर्ज



**लखनऊ।** लखनऊ ?के ताल कटोरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पूर्व आईपीएस और उनकी पत्नी के? खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। इस मामले में पूर्व आईपीएस ने कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध की वजह से यह मुकदमा दर्ज किया गया है। हमें पूर्ण विश्वास है हम स्वयं को निर्दोष साबित कर लेंगे। थाना प्रभारी कुलदीप दुबे ने बताया कि पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

शिकायतकर्ता ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि वर्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ 1999 में जनपद देवरिया में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। इस दौरान नूतन ठाकुर ने देवरिया के जिला उद्योग केंद्र से औद्योगिक प्लाट संख्या बी-2 का आवंटन कराया था। इसमें अमिताभ ने पत्नी नूतन की पूरी मदद की थी। वहीं, नूतन ने प्लाट लेते समय अपना और अपने पति का वास्तविक नाम के स्थान पर अमिताभ की जगह अभिजात ठाकुर और पता बिहार राज्य का सीतामढ़ी खैरा दशार्या था अपना नाम नूतन ठाकुर से नूतन देवी रखा।

## अनियंत्रित ट्रक ने वृद्ध को कुचला ,मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के सुलतानपुर वाराणसी फोरलेन के कामतागंज बाजार के पास मार्निंग वाक पर निकले वृद्ध को अनियंत्रित ट्रक ने डिवाइडर तोडकर कुचल दिया। मौके पर मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देहात कोतवाली के कामतागंज बाजार के निकट शनिवार की सुबह अनियंत्रित ट्रक ने भारत राम यादव (70) को कुचल दिया। मौके पर उनकी मौत हो गई । भारत यादव कामतागंज के निवासी थे। वह सुबह टहलने के लिए निकले थे। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया । कोतवाल अखंड देव मिश्र ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हुआ है।

## गैस सिलेंडर सहित राशन उठा ले गए चोर

**फूलपुर।** फूलपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ापुर के दुल्मापुर मौजा स्थित प्राथमिक विद्यालय के किचन सेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने किचन के अंदर रखा गैस सिलेंडर,चूल्हा और एक बोरी चावल सहित अन्य कीमती सामान रात में उठा ले गए सुबह होने पर जब प्रधानाध्यापिका सहित रसोइया स्कूल पहुंची तो किचन के ताला टूटा देख दंग रह गई उसमें रखा गैस सिलेंडर,चूल्हा तथा एक बोरी चावल सहित अन्य सामग्री गायब थी। प्रधानाध्यापिका अनीता पाल ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान सहित विभागीय अधिकारियों को देते हुए पी आर बी पुलिस 112 को घटना की जानकारी देने के साथ ही फूलपुर थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया ।


# पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात गौतस्कर घायल, पैर में लगी गोली



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद के थाना मूंढापांडे थाना क्षेत्र स्थित गांव शिवपुरी के जंगल में शुक्रवार रात्रि कुख्यात गोतस्कर और थाना पुलिस टीम के बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें आरोपित कुख्यात हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात्रि थाना मूंढापांडे एसएचओ को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी के जंगल में कुछ गौतस्कर गौकशी को लेकर योजना रचना बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की। वहां मौजूद एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने जब उसका पीछा किया तो आरोपित ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में वह व्यक्ति पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया और वहीं गिर गया। जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पूछताछ में घायल आरोपित की पहचान थाना मूंढापांडे क्षेत्र के खानपुर लकी निवासी कय्युम पुत्र यमीन के रूप में हुई। एसपी सिटी ने आगे बताया कि कय्युम क्षेत्र का एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर गौतस्कर है। इस पर पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज हैं।उसने पूछताछ में बताया कि उसके गिरोह में 8 से 10 आरोपित शामिल हैं, जो बाहर से प्रतिबंधित पशुओं को लेकर आते थे और फिर गौकशी की घटना को अंजाम देते थे। उन लोगों की तलाश में पुलिस टीम जुट गई हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी सिटी के अनुसार मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस इंस्पेक्टर घायल हो गए जिनका उपचार कराया गया है।

## जरगो नदी में डूबे किसान का शव बरामद



**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में चुनार कोतवाली क्षेत्र के लल्ली के मड़ई गांव के पास जरगो नदी में डूबे किसान लल्लन यादव (50) निवासी जलालपुर माफी का शव शनिवार को बरामद हो गया। शव गांव से कुछ दूरी पर बबूल के पेड़ में फंसा मिला, जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया।

सूचना पाकर चुनार पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक राम प्रताप यादव ने बताया कि एक किसान की नदी में डूबने से मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध निर्माण करने वाले 28 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर स्थित थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के शाहपुर गोवर्धनपुर गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण करने के मामले में नोएडा प्राधिकरण की शिकायत पर थाने में 28 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। इस संबंध में प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से शिकायत दी गई थी।

थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र बालियान ने बताया कि बीती रात को पुलिस को दी शिकायत में नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल नौ के अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने बताया कि शाहपुर गोवर्धनपुर खादर गांव में खसरा संख्या-504, 505, 504एम, 507एम, 508 और 532 प्राधिकरण की अर्जित जमीन है। इस जमीन पर लोगों चोरी छिपे लगातार

# दसवीं के छात्र ने दो बच्चों का अपहरण किया, 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र में गुरुवार को अपहत हुए दो छात्रों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर लखीमपुर खीरी से शुक्रवार को सकुशल बरामद कर लिया है। एक अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसने 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी।

सहायक पुलिस आयुक्त अभय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बीजी कॉलोनी के रामलीला मैदान दो नाबालिग बच्चे अर्जुन सिंह (12) और प्रद्युमन यादव (8) का गुरुवार को अपहरण हो गया था। शुक्रवार को अपहरणकर्ता ने अर्जुन के पिता बाइक मैकेनिक संजय सिंह से बच्चों की सलामती के लिए दस लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस की पांच टीमें लगाई गई। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज करके शुक्रवार देरशाम को दोनों बच्चों को लखीमपुर के गोला गोकरननाथ इलाके से सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही आरोपी अपहकरणकर्ता मूलरूप से सीतापुर और हालपता आलमबाग पटेलनगर निवासी विजय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह कक्षा दस का छात्र है और रुपये के लालच में आकर बच्चों को अपने साथ लेकर गया था।

श्री सिंह ने बताया कि अर्जुन सिंह ?के पिता संजय सिंह (बाइक मैकेनिक) और प्रद्युम्न यादव के पिता संजय यादव, जो ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। सकुशल बच्चों को बरामदगी के बाद परिजनों ने पुलिस का आभार प्रकट किया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विपरीत दिशा से वाहन चलाने वालों पर नोएडा पुलिस ने कसी लगाम, 8 माह में एक लाख 48 हजार का हुआ चालान

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर नोएडा में विपरीत दिशा से वाहन चलाने वालों पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई जारी है। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर नोएडा ट्रैफिक पुलिस जनवरी से अगस्त 2025 तक बड़ी कार्रवाई की है। आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2025 से 31 अगस्त 2025 तक अलग-अलग यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों पर लाखों चालान काटे गए और करोड़ों रुपये का जुमार्ना वसूला गया। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने जारी एक प्रेस नोट के तहत बताया कि 1 जनवरी से 31 अगस्त तक नोएडा में विपरीत दिशा में वाहन चलाने वाले 1,48,021 वाहन चालको के चालान काटे गए हैं। इनसे 29 करोड़ 60 लाख 42 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया है। ओवर स्पीडिंग के 45,448 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ 36 लाख 20 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले 127 चालकों पर 12 लाख 40 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया




गया। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे वाहन जिन पर पांच या पांच से अधिक चालान लंबित हैं और वाहन स्वामियों द्वारा जुमार्ना जमा नहीं किया गया है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अब तक 2,99,761 वाहनों के रजिस्ट्रेशन निलंबन की संस्तुति एआरटीओ को भेजी गई है। इनमें नो पार्किंग, प्रदूषण, बिना बीमा वाहन संचालन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, रेड लाइट जंप, काली फिल्म, ड्रिंक एंड ड्राइव सहित अन्य गंभीर उल्लंघन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सड़क पर खतरनाक तरीके से नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चलाने वाले चालकों पर लगाम कसते हुए अब तक 4829 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की अनुशंसा भी की गई है। इसके लिए संबंधित विवरण एआरटीओ गौतमबुद्धनगर को भेजा गया है। यातायात पुलिस का कहना है कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह यातायात नियमों का पालन करे। नियमों का पालन न केवल चालक की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि अन्य राहगीरों की जान बचाने में भी अहम भूमिका निभाता है।

# रेलवे सुरक्षा बल श्वान प्रतियोगिता का समापन

**प्रयागराज।** 18 वीं अखिल भारतीय रेल सुरक्षा बल श्वान प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार को रेल सुरक्षा बल क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, सूबेदारगंज के परिसर में मुख्य अतिथि नरेश पाल सिंह, महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे व रेनू पी. छिब्बर प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त उत्तर मध्य रेलवे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रेलवे के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और पुलिस अधिकारी व रेलवे के अन्य अधिकारी भी प्रतिस्पर्धा और खेल कौशल की भावना का जश्न मनाने के लिए उपस्थित हुए।

प्रतियोगिता में 16 क्षेत्रीय रेलों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया।



प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में विस्फोटक, ट्रैकिंग, नारकोटिक्स में आयोजित की गई।

डॉग जैक, दक्षिण रेलवे ने विस्फोटक ट्रेड में, डॉग सीजर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने नारकोटिक्स ट्रेड में तथा डॉग मैक्स, पूर्व मध्य रेलवे ने ट्रैकर ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉग मैक्स, पूर्व मध्य रेलवे को प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डॉग भी घोषित किया गया।

## यमुना विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, करोड़ो की जमीन मुक्त

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अधिसूचित क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण को प्राधिकरण ने शुक्रवार को गिरा दिया। यहां लोगों ने पक्का निर्माण कर अवैध रूप से कब्जा करना शुरू कर दिया था। टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर 226 करोड़ रुपए कीमत की जमीन कब्जा मुक्त कराई।



यमुना विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र सिंह ने ने बताया कि शुक्रवार को इस क्रम में प्राधिकरण ने जेवर, बांगर और मेवाला गोपालगढ़ में एक लाख 10 हजार वर्गमीटर भूमि कब्जा मुक्त कराई। उक्त जमीन की बाजार में कीमत 226 करोड़ रुपये है। ओएसडी ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के चलते जेवर क्षेत्र में हर कोई घर बनाना चाहता है। लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर क्षेत्र में कॉलोनाइजर सक्रिय हो गए हैं, जिन्होंने अवैध रूप से अधिसूचित क्षेत्र में प्लॉटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कॉलोनाइजरों के बहकावे में न आएं और प्लॉट खरीदने से पहले प्राधिकरण पहुंचकर उसकी जांच करा लें। बता दें कि आबादी भूखंड समेत अन्य प्लॉट बेचने के नाम पर यीडा क्षेत्र में कई लोगों के साथ ठगी हो चुकी है। लगातार प्राधिकरण में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं।

# यूपी डीजीपी ने चार जिलों के पुलिस अधीक्षक और दो पुलिस आयुक्तों से स्पष्टीकरण मांगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने शुक्रवार देर शाम को वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग की। इसमें जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा को लेकर समीक्षा की है। साथ ही साथ जून, जुलाई और अगस्त माह के जनशिकायत के निस्तारण की समीक्षा रिपोर्ट ली। इसमें यूपी के 20 जिलों में जन शिकायतों में वृद्धि पाई गई है।समीक्षा में पाया गया कि 75 में से 56 जिलों में जन-शिकायतों में कमी आई हैं, जबकि 20 जिलों में थोड़ी वृद्धि हुई है। इन 20 जिलों में सर्वाधिक वृद्धि वाले छह जनपदों में शिकायतों के शिथिल पर्यवेक्षण पर पुलिस महानिदेशक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक देवरिया, संभल, कौशांबी, बदायूं, पुलिस आयुक्त गाजियाबाद और वाराणसी से स्पष्टीकरण मांगा है।

डीजीपी ने कहा कि जन-शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिकायत आने के कारणों को दूर करना होगा। क्षेत्राधिकारियों को जन-शिकायतों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जन-शिकायतों के निस्तारण में फोकस्ड दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

डीजीपी ने पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की भी समीक्षा की, जिसमें झाँसी, बहराइच, लखनऊ, जौनपुर, कानपुर और आगरा में सबसे अधिक शिकायतें मिलीं। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सर्वाधिक शिकायतें हैं, उन्हें चिन्हित कर सभी मामलों की सूची तैयार की जाए और जनपदीय पुलिस प्रभारी स्वयं उनका अनुसरण करें। शिकायत सही पाए जाने पर उक्त पुलिस अधिकारी से एक उच्च स्तर का कोई अधिकारी शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत वार्ता करे



और पुष्टि होने पर दोषी पुलिसकर्मी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करे।

डीजीपी ने आगे कहा कि ह्यमैनपावर मैनेजमेंटह्ल एवं प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सही व्यक्ति का चयन कर उसे उपयुक्त जिम्मेदारी देने से समस्याओं का निराकरण स्वतः हो जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जन-शिकायतों से जुड़े मामलों में पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार हो, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। किसी मुद्दे पर आक्रोशित व्यक्तियों से संवेदनशीलता से धैर्यपूर्वक वार्ता कर समस्या का समाधान निकाला जाए। कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने कहा कि छोटी से छोटी घटना में भी संवेदनशीलता, सजगता और त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। यदि किसी मुद्दे पर कानून-व्यवस्था की स्थिति बन रही हो तो वरिष्ठतम अधिकारी वार्ता कर स्थिति को बिगड़ने से रोकें और समस्या का तत्काल निराकरण कराकर मुख्यालय को अवगत करायें।

साइबर अपराध की समीक्षा में डीजीपी ने कहा कि वित्तीय पुनर्नियोजन की शिकायतों में पीड़ित की ओर से त्रुटिपूर्ण जानकारी देने के कारण कई मामलों में धनराशि फ्रीज नहीं हो पाती। ऐसे मामलों में साइबर क्राइम हेल्प डेस्क की टीम तत्काल पीड़ित से वार्ता कर त्रुटियों को ठीक करे ताकि धनराशि तुरंत फ्रीज हो सके। महिला सुरक्षा के संबंधी मामलों में उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उनकी भी शीर्ष 10 प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने निर्देश दिए कि छेड़खानी, घरेलू हिंसा आदि जैसे प्रकरणों को भी अत्यंत गंभीरता से लेते हुए थाने स्तर पर इनके त्वरित निस्तारण के लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। क्षेत्राधिकारी स्तर पर पीड़िता से वार्ता कर छोटे से छोटे मामलों में भी एफआईआर दर्ज की जाए। प्रत्येक थाने पर महिला संबंधी प्रकरणों के लिए प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों को नियुक्त किया जाए। छोटी घटनाओं को प्राथमिक स्तर पर ही गंभीरता से लेने से बड़ी घटनाओं की परिणति रोकी जा सकती है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने कहा कि आगामी त्योहारों में शांति समिति बैठकों में विवादों के निस्तारण, त्यौहारों के दौरान महिलाओं की सुरक्षा, सोशल मीडिया पर छोटी घटनाओं एवं अफवाहों का संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई करने पर जोर दिया। जनपदों में महिला अपराध के हॉट स्पॉट चिन्हित कर वहां सीसीटीवी लगाए।

# वाराणसी में हिन्दुस्थान समाचार समूह का भारतीय भाषा संगम 2025 आज, 21 भारतीय भाषाओं के विद्वान होंगे सम्मानित

### जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक व शिक्षाविद् अतुल भाई कोठारी होंगे शामिल

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी काशी (वाराणसी) में शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार समूह की ओर से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में अपरान्ह 2 बजे से भारतीय भाषा संगम झ्र 2025 पंच प्रण : स्वभाषा और विकसित भारत विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

समारोह में देश के 21 भारतीय भाषाओं के विद्वानों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय भाषाओं पर केन्द्रित 'प्रदर्शनी' भी लगाई जायेगी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि 'हिन्दुस्थान समाचार' समूह की दो प्रमुख पत्रिकाएं 'युगवार्ता'(पाक्षिक) तथा 'नवोत्थान'(मासिक) के 'भारतीय भाषाएँ : सदैव जोड़ती हैं' पर केंद्रित विशेष अंकों का लोकार्पण भी करेंगे।

यह जानकारी समूह के राष्ट्रीय मुख्य




समन्वयक राजेश तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराज्यपाल जम्मू-कश्मीर मनोज सिन्हा, मुख्य वक्ता अतुल भाई कोठारी (आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक व शिक्षाविद्) हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रो.अजित कुमार चतुर्वेदी (बीएचयू कुलपति), प्रो.आनंद कुमार त्यागी (कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ), प्रो.श्री निवास बरखेड़ी (कुलपति, केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली) व डॉ नीलकंठ तिवारी (पूर्व मंत्री व वाराणसी शहर दक्षिणी विधायक) हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दुस्थान समाचार समूह के अध्यक्ष अरविंद भालचंद्र मार्डीकर करेंगे। कार्यक्रम में हिन्दुस्थान समाचार के संपादक जितेन्द्र तिवारी, युगवार्ता के संपादक संजीव कुमार, नवोत्थान के संपादक बद्री प्रसाद की भी खास उपस्थिति रहेगी।

समारोह में मराठी भाषा के डॉ. अनिल काशीनाथ सज, तमिल भाषा के डॉ. एम. संतोष कुमार, पंजाबी भाषा के डॉ. कुलदीप सिंह, हिंदी भाषा के डॉ. मोतीलाल गुप्ता ह्यआदित्यह्ल, सिविल सेवा के डॉ. शीलवंत सिंह, कन्नड़ भाषा के डॉ. सी. शिवकुमार स्वामी, ओड़िया भाषा के प्रो. देबाशीष पात्र, तेलुगु के प्रो. बी. विश्वनाथ, संस्कृत के प्रो. बृजभूषण ओझा, बांग्ला भाषा के बिनायक बनर्जी, गुजराती भाषा के डॉ. भाग्येश वासुदेव झा, भोजपुरी के मनोज ह्यभावुकह्ल, नेपाली भाषा के डॉ. प्रेमराज नूपाने, असमिया के डॉ. विकास ज्योति बोरठाकुर, मलयालम भाषा के डॉ. शिवानी बी, तिब्बती भाषा के डॉ. तेनजिन नीमा नेगी, मैथिली भाषा के डॉ. राम किशोर झा, सिंधी भाषा के सुंदर दास गोहरानी, नवनीत कुमार सहगल, विधि एवं न्याय की डॉ. नीलाक्षी चौधरी, पत्रकारिता में डॉ. सौरव राय और संतोष मधुप सम्मानित होंगे।

# लिंग परीक्षण केंद्र के संचालक सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज, गिरफ्तार

### पानीपत की स्वास्थ्य टीम ने शुक्रवार को सेक्टर 37 में चल रहे केंद्र पर की थी छापेमारी

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर 37 में अवैध रूप से भ्रूण लिंग परीक्षण करने वाले डॉक्टर सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही सभी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

जनपद पानीपत हरियाणा के स्वास्थ्य टीम के पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉक्टर अभय नंदन वत्स ने थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम यमुना प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर क्लिनिक के संचालक डॉक्टर राजश्री जसूजा पुत्र संजीव जसूजा निवासी डी-29 सेक्टर 40 नोएडा, मरियम पुत्री रोहित कुमार निवासी ग्राम भंगेल, बबलू झा पुत्र काशीकांत झा निवासी सेक्टर 122 नोएडा, रोहित कुमार पुत्र सत्य प्रकाश निवासी ग्राम भंगेल तथा अमित कुमार पुत्र प्रेमचंद निवासी ग्राम गिझौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। इनके इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2),61,3(5),प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स रेगुलेशन एंड प्रीवे. ऑफ मीसयुज की धारा - 4,5(1),6 ( ) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना सेक्टर 39 पुलिस आज आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रही है।

हरियाणा के जनपद पानीपत के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार शाम को कार्रवाई करते हुए



सेक्टर 37 में चल रहे भ्रूण लिंग जांच केंद्र का पदार्फाश करते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। इसमें दो महिलाएं शामिल हैं। यह केंद्र काफी दिनों से चल रहा था।

डॉक्टर अभय नंदन वत्स (पीएनडीटी नोडल) पानीपत ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उनकी टीम ने कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि उनको काफी दिनों से जानकारी मिल रही थी कि नोएडा के सेक्टर-37 के लाल मार्किट में डॉक्टर राजश्री जसूजा क्लीनिक पर भ्रूण लिंग की जांच की जा रही है। जानकारी को पुख्ता करने के लिए उनकी पूरी टीम ने प्लान बनाया। और एक ग्राहक बनाकर बातचीत शुरू की। जांच के लिए 25 हजार रुपए तय किए गए। जिसमें लिंग जांच करने वाले लोगों द्वारा 5 हजार रुपए ऑनलाइन जमा करवाए गए और बाकी कैश देने की बात हुई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पानीपत से डॉक्टरों की टीम नोएडा पहुंची। पहले उन्होंने अपने द्वारा तैयार किए गए कस्टमर को अंदर भेजा। पैसे दिए और जांच शुरू होते ही टीम अंदर पहुंच गई। जिसके बाद नोट को वैरीफाइ किया गया। ये वहीं नोट मिले जो पानीपत सीएमओ की ओर से वैरीफाइ किए गए थे। मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसकी जानकारी गौतमबुद्ध नगर सीएमओ को दे दी गई है।

टीम ने फर्जी महिला ग्राहक बनाकर दलाल रोहित व अमित से संपर्क साधा। दलालों ने 25 हजार रुपये में सौदा तय किया। जिस पर सहमति बनने के बाद भ्रूण लिंग जांच के लिए फर्जी महिला ग्राहक के साथ-साथ पानीपत स्वास्थ्य विभाग की टीम भी नोएडा सेक्टर-37 के लिए रवाना हुई। दलाल महिला को डा. राजश्री जसूजा भारत स्कीनिंग सेंटर ले गए।

## शातिर चोर गिरफ्तार,

**बुलंदशहर।** जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत देर रात्रि को थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर अचलपुर पुलिया के पास से शातिर चोर मैनुद्दीन पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम लच्छमपुर थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया गया।

## चार साल सहमति से साथ रहने के बाद शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप गलत

**प्रयागराज ।** पीड़िता के अधिवक्ता ने बताया कि महोबा जिले में कार्यरत अनुसूचित जाति की लड़की जो लेखपाल के पद पर अपने जिले में कार्यरत चरखारी क्षेत्र के ग्राम अंधौरा के लेखपाल प्रदीप कुमार सिंह पटेल से वर्ष 2019 में स्टाफ का होने के कारण जान पहचान हो गई ।आरोप है कि 4 वर्ष पूर्व प्रदीप कुमार सिंह पटेल लेखपाल के द्वारा पीड़िता से कहा गया था कि जन्मदिन मनाने के लिए रात का डिनर करने की बात कही और प्रदीप कुमार सिंह पटेल के द्वारा कोल्डिंग में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया गया जिसका फायदा उठाकर प्रदीप कुमार सिंह पटेल ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन बलात्कार किया और उसकी अश्लील वीडियो बना लिया उसके होश में आने पर उसने कहा कि शिकायत मत करना उससे शादी कर लेगा ।उस व्यक्ति के झांसे में वह फस गई एवं प्रदीप कुमार सिंह पटेल लगातार 4 वर्षों से शादी का झांसा देकर बलात्कार करता रहा । मना करने पर वीडियो वायरल की धमकी देता था जिससे वह अपनी बदनामी के डर से उक्त व्यक्ति की कही पर शिकायत नहीं कर सकी ।अब 4 साल बाद लड़की को जाति सूचक शब्दों हरिजन से अपमानित करते हुए कहां की तुमसे शादी नहीं करूंगा और जान से मारने की धमकी दी। इस बात की सूचना उसने उच्च अधिकारियों से एफ आई आर दर्ज करने के लिए शिकायत किया लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई तब याचिकाकर्ती ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एस सी /एस टी एक्ट) महोबा न्यायालय में परिवाद दाखिल किया इसके समर्थन में लेखपाल रामकुमार व लेखपाल दिनेश कुमार ने बयान भी दिया लेकिन विशेष न्यायाधीश एससी /एसटी एक्ट महोबा ने परिवादानी के प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया ।

# 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने किया केस दर्ज

**औरैया ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के बिधूना कोतवाली पुलिस ने एक 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला मुकदमा दर्ज किया है । पीड़िता के पेट में चार माह का गर्भ पाए जाने के बाद यह मामला प्रकाश में आया।

पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी के पेट में सूजन देखकर पूछाताछ कि तब बेटी ने बताया कि चार पांच महीने पहले खेत से लौटते समय गांव के 70 वर्षीय विशम्भर दयाल ने उसे अपने घर बुलाया आरोपी ने प्रसाद के





बहाने कुछ खिलाकर उसके साथ के दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता और उसके परिवार को जान सें मरने कि धमकी दी थी।

# भ्रष्ट पुलिसकर्मियों और खनन माफियाओं की सांठगांठ से चल रहा अवैध खनन का कारोबार,वीडियो वायरल

सहारनपुर। सहारनपुर में एक ओर जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी अवैध खनन पर नकेल कसने के दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। पुलिस चौकियों पर खुलेआम खनन माफियाओं से सौदेबाजी और वसूली का वीडियो सामने आया है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

वीडियो चिलकाना थाना क्षेत्र की



पठेड़ पुलिस चौकी का बताया जा रहा है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि चौकी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल खनन लदे वाहनों के नंबर रजिस्टर में दर्ज कर रहा है। वहीं एक दरोगा एंट्री के नाम पर वसूले गए रुपए गिनता दिखाई दे रहा है। बातचीत में खनन माफिया ये भी कहते सुने जा रहे हैं कि "दरोगाजी से बात हो गई है। बिना रॉयल्टी चलने वाले हर वाहन से 2500 रुपए एंट्री फीस के नाम पर वसूले जाते हैं। वायरल वीडियो में खनन लदे 9 वाहनों को निकलवाने के एवज में माफिया द्वारा 22,500 रुपए की रकम पुलिसकर्मी को दी जा रही है।

पुलिस और खनन माफिया के इस गठजोड़ से सरकार को हर रोज लाखों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है। जबकि डीएम मनीष बंसल ने पिछले महीने ही अवैध खनन और खनिज परिवहन पर सख्त रोक लगाने के आदेश दिए थे। उन्होंने खनन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर निगरानी बढ़ाने की बात कही थी।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी के रवैये पर जताई आपत्ति, कहा- शासक जैसा व्यवहार अस्वीकार्य

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठकों के राजनीतिकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से संबंधित बैठकों का राजनीतिकरण करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बातचीत में कहा, ÷जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता स्थानीय सांसद करते हैं, जहां केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनता के लिए धनराशि आवंटित की जाती है। सांसद का काम निगरानी और उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है, लेकिन जब कोई सांसद शासक की तरह व्यवहार करता है और प्रक्रियाओं को नजरअंदाज करता है, तो स्वाभाविक रूप से विरोध होता है। उन्होंने आगे कहा, रायबरेली में राहुल गांधी ने कहा कि सब कुछ उनकी इच्छा के अनुसार होगा। शासन व्यक्तिगत इच्छाओं से नहीं चलेगा, यह भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा। ऐसी बैठकों का राजनीतिकरण करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिनेश प्रताप सिंह ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति बनने की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं




ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे उन्हें भारत के नागरिकों की आशाओं को पूरा करने और देश को एक महान राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जाने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, विपक्ष इस समय भ्रमित है और उनको नहीं पता कि उन्हें क्या करना चाहिए। यही कारण है कि अब विपक्ष समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। मैं मानता हूं कि विपक्ष लोकतंत्र की खूबसूरती है और इसलिए उसे मजबूत होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में विपक्ष सिर्फ विरोध करता है।

बता दें कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय रायबरेली दौरे पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने दिशा की बैठक में शिरकत की, जहां विधायक मनोज पांडेय ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी को लेकर निंदा प्रस्ताव रखा था। साथ ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा, लेकिन राहुल गांधी के मना करते ही उन्होंने इसका विरोध करते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया था।

## चुनाव सुधार के प्रखर प्रहरी : जगदीप छोकर नहीं रहे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में चुनावी सुधार की अलख जगाने वाले और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के संस्थापक सदस्य जगदीप एस. छोकर का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शुक्रवार सुबह हृदय गति रुकने से उन्होंने अंतिम सांस ली। हाल के दिनों में गिरने से कंधे में चोट और उसके बाद संक्रमण की वजह से उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा था। प्रोफेसर छोकर भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद में प्रोफेसर, डीन और प्रभारी निदेशक रहे। उन्होंने भारतीय रेलवे में मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में भी सेवाएं दीं। लेकिन उनकी असली पहचान बनी–चुनावी



सुधारों के योद्धा और नागरिक अधिकारों के सजग प्रहरी की।1999 में आईआईएम, अहमदाबाद के कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर छोकर ने एडीआर की स्थापना की। इसी वर्ष उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की, जिसमें चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की आपराधिक, वित्तीय और शैक्षिक पृष्ठभूमि सार्वजनिक करने की मांग की गई।इस प्रयास ने भारतीय राजनीति की तस्वीर बदल दी। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 और 2003 में ऐतिहासिक निर्णय दिए और उम्मीदवारों के लिए यह जानकारी चुनाव आयोग को हलफनामे के माध्यम से देना अनिवार्य कर दिया। यह कदम भारतीय लोकतंत्र की पारदर्शिता की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई

### बाबा का पूजन अर्चन कर मॉरीशस में लोक कल्याण की कामना की

**एजेंसी**

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) के तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन शुक्रवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर के गर्भगृह में प्रधानमंत्री रामगुलाम ने पत्नी वीना रामगुलाम के साथ बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का अभिषेक किया। मंदिर के अर्चकों की देखरेख और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने षोडशोपचार विधि से बाबा का पूजन-अर्चन कर मॉरीशस में लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। धाम में मंदिर न्यास की ओर से मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम को अंगवस्त्रम, प्रसाद और स्मृतिचिह्न भेंट किया गया। काशी



विश्वनाथ धाम के नव्य, भव्य और विस्तारित रूप देख प्रधानमंत्री रामगुलाम और उनकी पत्नी आह्लादित दिखे। मंदिर में आने-जाने के दौरान मेहमान प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं का अभिवादन हाथ जोड़ पूरे विनम्रता से किया। शिवभक्त भी हर-हर महादेव के पारम्परिक उद्घोष से मेहमान का स्वागत किया। इस दौरान श्री काशी विश्वनाथ धाम व आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उनके आने-जाने के दौरान मार्ग पर यातायात प्रतिबंध भी लागू रहा। मंदिर में दर्शन पूजन के बाद डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम होटल लौटकर थोड़ी देर विश्राम करेंगे। इसके बाद उनका काफिला वाराणसी एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा। जहां से वे विशेष विमान से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। इससे पहले बुधवार शाम वाराणसी पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया था। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता में महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए थे। शाम को प्रधानमंत्री रामगुलाम ने पत्नी और अपने देश के प्रतिनिधिमंडल के साथ विवेकानंद क्रूज पर सवार होकर काशी की विश्वप्रसिद्ध गंगा आरती देखी।

## दिल्ली के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी: कोर्ट को खाली कराया गया




**एजेंसी**

**मुंबई।** दिल्ली हाईकोर्ट के बाद अब बॉम्बे हाईकोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आए धमकी भरे ईमेल के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हाईकोर्ट को खाली कराया और चारों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी। पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान में जुट गए। साथ ही डॉग स्क्वॉड की मदद से कोर्ट परिसर और आसपास के इलाकों की गहन जांच की जा रही है। मुंबई पुलिस ने बताया कि धमकी मेल को लेकर साइबर सेल जांच कर रही है ताकि मेल भेजने वाले की पहचान की जा सके। अब तक किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली और मुंबई दोनों हाईकोर्ट को मिली धमकियों की कड़ी को जोड़कर मामले की जांच की जा रही है।

## ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से की मुलाकात

**नई दिल्ली ।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच ओडिशा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री माझी के साथ ओडिशा



के स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग भी मौजूद रहे। सीएम मोहन चरण माझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। मुख्यमंत्री की ओर से सोशल मीडिया पर साझा की गई एक पोस्ट के अनुसार, बैठक में राज्य सरकार की जन-केंद्रित पहलों और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा, स्वास्थ्य ढांचे में सुधार और ओडिशा के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए भविष्य की रूपरेखा तैयार करने पर भी चर्चा हुई। सीएम मोहन चरण माझी ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷आज नई दिल्ली में मुझे हमारी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग भी उपस्थित थे। हमने ओडिशा सरकार की जन-केंद्रित पहलों, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, स्वास्थ्य ढांचे के विकास और भविष्य की रूपरेखा तैयार करने पर गहन चर्चा की।वहीं, स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने एक्स पोस्ट में लिखा, आज दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की और डबल इंजन सरकार के विभिन्न जनोन्मुखी कार्यों, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

# सफल युवा आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनें : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**एजेंसी**

**शिवपुरी ।** केंद्रीय दूरसंचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री और गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को शिवपुरी जिले के मेधावी तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि वे जहां भी जाएं, ईमानदारी से काम कर आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनें।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया इन दिनों अपने संसदीय क्षेत्र गुना के प्रवास पर हैं। शुक्रवार को शिवपुरी स्थित टूरिस्ट विलेज में उनका विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफल हुए युवाओं से संवाद हुआ। इस मौके पर सिंधिया ने कहा कि जिन्होंने यूपीएससी, चिकित्सा और अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता पाकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है, शिवपुरी के इन युवाओं ने अपनी लगन और परिश्रम से न सिर्फ परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि प्रदेश की प्रगति में भी नई ऊर्जा का संचार किया है।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने अहम सीख देते हुए कहा कि आप सभी को पूरे क्षेत्र और आगामी पीढ़ियों के लिए ईमानदारी की मिसाल बनना है, क्योंकि ईमानदारी एवं सही नीयत से ही एक स्वावलंबी राष्ट्र का निर्माण होता है। शिवपुरी की यह नई पीढ़ी केवल अपने परिवार का ही नहीं,



बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ा रही है। इनकी उपलब्धियां समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। संवाद के दौरान उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि सफलता केवल करियर तक सीमित नहीं है, बल्कि एक संतुलित जीवन जीना भी उतना ही आवश्यक है। स्वास्थ्य, समय प्रबंधन और परिवार के साथ जुड़ाव, ये तीन स्तंभ हैं, जिन पर वास्तविक सफलता टिकी होती है। इसके साथ ही युवा अपनी उपलब्धियों को समाज और राष्ट्रहित में सार्थक योगदान में बदलें। व्यक्तिगत सफलता तभी पूर्ण है, जब उससे समाज को लाभ पहुंचे। युवा केवल अपने सपनों तक सीमित न रहें, बल्कि अपने ज्ञान और क्षमता का उपयोग देश और प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में करें। उन्होंने कहा कि आप सबको ईमानदार बने रहना है और अपनी ईमानदारी से सभी को नए आयाम गढ़ने हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए आप सिर्फ उपलब्धियों के रूप में अपना कार्य नहीं, बल्कि एक ईमानदार चरित्र का उदाहरण भी छोड़कर जाएं। आप जिस भी पद पर रहें, खुद से ईमानदार रहें और उन दिनों को याद करें, जब आपने पूरी लगन और मेहनत के साथ इस दिन के लिए तैयारी की थी। आप सभी इस क्षेत्र और प्रदेश के भविष्य हैं, जब आप इस परंपरा को कायम रखेंगे तो हमारी आगामी पीढ़ियों में भी इन्हीं संस्कारों का बीजारोपण होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपकी मेहनत और जुनून ही आने वाले कल का चेहरा है। मुझे विश्वास है कि शिवपुरी का हर युवा अपनी प्रतिभा से भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माता बनेगा।

# सिक्किम में भूस्खलन के कारण 4 लोगों की मौत, 3 अब भी लापता

**एजेंसी**

**गंगटोक।** सिक्किम में भारी बारिश के बीच लैंडस्लाइड होने से 4 लोगों की मौत हो गई। तीन लोग अभी लापता बताए गए हैं। फिलहाल, लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। भारी बारिश के बीच प्रशासन ने जोखिम वाले क्षेत्रों के निवासियों से सतर्क रहने की अपील की है।जानकारी सामने आई है कि पश्चिम सिक्किम के यांगथांग विधानसभा क्षेत्र के अपर रिमबी में गुरुवार देर रात यह घटना हुई। सूचना मिलने के बाद पुलिस, स्थानीय लोगों और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने मिलकर राहत और बचाव अभियान शुरू किया।

इसी बीच, पुलिस ने उफनती हुम नदी पर पेड़ों के तनों से एक अस्थायी पुल बनाकर दो घायल महिलाओं को बचाया। दोनों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। दूसरी महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। गेयजिंग के पुलिस अधीक्षक त्सेरिंग शेरपा ने बताया कि भूस्खलन में तीन लोगों



की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान भीम प्रसाद लिंबू (53 वर्षीय), उनकी बहन अनिता लिंबू (46 वर्षीय), उनके दामाद बिमल राय (50 वर्षीय) और सात वर्षीय पोती अंजल राय के रूप में हुई है।

यांगथांग के स्थानीय विधायक और श्रम मंत्री भीम हांग लिंबू रात करीब 2 बजे घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्यों का नेतृत्व किया। उन्होंने भारी बारिश और क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण आई चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि समन्वित प्रयासों से पीड़ितों को निकालना संभव हुआ।इससे पहले, सोमवार आधी रात को सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में भूस्खलन हुआ था, जिसमें थांगशिंग गांव के 45 वर्षीय बिष्णु की मौत हो गई थी।

## नेशनल लाइब्रेरी में होगी ‘द बंगाल फाइल्स’ की विशेष स्क्रीनिंग

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा समर्थक चिंतन मंच माने जाने वाले सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन ‘खोला हवा’ की ओर से विवेक अग्निहोत्री की फिल्म ‘द बंगाल फाइल्स’ की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम 13 सितम्बर को दोपहर 4 बजे दक्षिण कोलकाता स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाषा भवन में होगा। फिल्म का यह प्रदर्शन केवल आमंत्रण पत्रधारकों के लिए होगा। संगठन की ओर से बताया गया है कि फिल्म को पूरे देश में 5 सितम्बर को रिलीज किया गया था, लेकिन पश्चिम बंगाल में इसे सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किया जा सका। पूर्व राज्यसभा सांसद और ‘खोला हवा’ के अध्यक्ष स्वप्न दासगुप्ता ने कहा, खोला हवा कोलकाता में ‘द बंगाल फाइल्स’ की पहली स्क्रीनिंग प्रस्तुत करेगा। इस पर हमें गर्व महसूस कर रहा है।’ इस मौके पर फिल्म के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और अभिनेत्री पल्लवी जोशी के भी उपस्थित रहने की संभावना है। इस घोषणा के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा, ‘फिल्म पूरे देश में रिलीज हो चुकी है लेकिन दर्शक देखने नहीं जा रहे हैं। निर्देशक खुद शिकायत कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने यह तक कह दिया था कि अरिंदम चटर्जी, रवींद्रनाथ टैगोर के भाई हैं। बाद में गलती सुधारते हुए कहा कि वह अरिंदम टैगोर हैं।

## मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली कंगना रनौत को राहत, याचिका पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मानहानि मामले में फिल्म अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को शिकायत रद्द करने से जुड़ी उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद कंगना ने अपनी याचिका वापस ले ली। 2020-21 के किसान आंदोलन के दौरान कंगना रनौत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का मामला कोर्ट में था। कंगना पर आरोप है कि उन्होंने महिला किसान महिंदर कौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।इसके बाद महिंदर कौर ने कंगना के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। सांसद ने इस शिकायत को रद्द करने के लिए चंडीगढ़ हाईकोर्ट का रुख किया, लेकिन वहां से



राहत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा, हम आपके ट्वीट पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, इससे ट्रायल पर असर पड़ेगा। ये सिर्फ एक साधारण री-ट्वीट नहीं था, इसमें आपकी टिप्पणी भी शामिल थी। इसके बाद कंगना के वकील ने कोर्ट से याचिका वापस ले ली। कंगना रनौत ने किसान आंदोलन के दौरान अपने रिट्वीट में महिंदर कौर की फोटो शेयर की थी और लिखा था कि यह वही बिलकिस बानो दादी है जो शाहीन बाग प्रदर्शन का हिस्सा थी। इससे पहले पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 1 अगस्त को कंगना रनौत की याचिका खारिज कर दी थी।

# वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से फिर से शुरू होगी

### भूस्खलन के बाद दो हफ्ते तक रही स्थगित

**एजेंसी**

**कटरा ।** भूस्खलन के कारण दो हफ्ते से अधिक समय से स्थगित माता वैष्णो देवी यात्रा रविवार से फिर से शुरू होने वाली है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शुक्रवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा है कि वैष्णो देवी यात्रा की बहाली सशर्त है और अनुकूल मौसम की स्थिति पर निर्भर है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर लिखा, ‘अनुकूल मौसम की स्थिति के अधीन वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर (रविवार) से फिर से शुरू होगी। जानकारी और बुकिंग के लिए वेबसाइट पर विजिट करें। जम्मू संभाग में 26 अगस्त को अत्यधिक



खराब मौसम के दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन होने से 35 से अधिक तीर्थयात्रियों की जान चली गई और 10 से अधिक अन्य घायल हो गए थे। इसके कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई थी। कटरा में पिछले दिनों हुए भूस्खलन के बाद प्रशासन ने होटल और धर्मशालाओं को खाली करने का आदेश जारी किया था।

भूस्खलन त्रासदी के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) की आलोचना हुई, यहां तक कि जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने भी यात्रा के मामलों का प्रबंधन करने वाले एसएमवीडीएसबी के अधिकारियों को दोषी ठहराया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीन दिन बाद श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर अखदुवारी के पास हुए भूस्खलन की घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन का आदेश दिया था। अतिरिक्त मुख्य सचिव (जल शक्ति) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति बनाई गई, जिसमें जम्मू के संभागीय आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) को शामिल किया गया। उपराज्यपाल के आदेश में कहा गया था, यह समिति अगले सप्ताह में श्राइन बोर्ड को रिपोर्ट सौंपेगी। गौरतलब है कि रियासी जिले के कटरा स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में हर साल करोड़ों तीर्थयात्री आते हैं।

# प्रेग्नेंसी में सुपरफूड की तरह काम करता है शरीफा

## शिशु का होता है तेज दिमाग

हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा तेज दिमाग के साथ स्वस्थ रहे। इसके लिए जरूरी है कि प्रेग्नेंसी के दौरान कुछ खास चीजों खाई जाएं। शरीफा ऐसा ही फल है जो आपके शिशु का मानसिक और शारीरिक विकास बेहतर करता है। शरीफा विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स बढ़ाते हैं इम्युनगर्भ में पल रहे शिशु के लिए अमृत समान होता है। शरीफा पोषक तत्वों का खजाना होता है। खासतौर से अगर इसे प्रेग्नेंसी में खाया जाए तो मां ही नहीं गर्भ में पल रहे शिशु के भी सारे पोषण की जरूर पूरी होती है। हालांकि शरीफा कई गभींर रोगों में भी बहुत फायदेमंद होता है। हाई और लो हाई बीपी, डायबिटीज, हृदय रोग के जोखिमों से बचाने के साथ ये इम्युन सिस्टम को भी मजबूत बनाता है, इससे शरीर को रोगों से लड़ने कि अपार शक्ति मिलती है।

विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर होने के कारण ये एलर्जी और कैंसर के जोखिम से भी बचाता है। ये शरीर को मुक्त कणों या फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करता हैं। इसमें बहुत अच्छी मात्रा में पोटैशियम और मैग्नीशियम होता है। शरीफा में विटामिन ए भी होता है जो आंखों के लिए बहुत अच्छा होता है। इतना ही नहीं अपच-गैस आदि में भी इसका सेवन लाभप्रद होता है। इसे किसी भी रूप में खाया जा सकता है। आप चाहें इसका स्मूदी बनाएं या शेक पीएं या साबुत खाएं।

## प्रेग्नेंसी में लाभदायक

प्रेग्नेंसी में शरीफा को रोज की डाइट का हिस्सा बना लें। कम से कम तीन शरीफा रोज खाएं। ऐसा करके न केवल आप अपने बच्चे का तेजी से विकास करेंगी बल्कि इससे शिशु का मस्तिष्क और प्रतिरक्षा प्रणाली प्रभावी ढंग से विकसित होगा। इसे रोज खाने गर्भपात के जोखिम भी कम होते हैं और नार्मल डिलेवरी के दौरान पीड़ा भी कम होती है। ये अंदर से शरीर को मजबूत बनाता है।

## हार्ट अटैक के खतरे करता है कम

शरीफे में मैग्नीशियम और पोटेशियम की मात्रा बहुत होती है और ये हार्ट अटैक के जोखिमों को रोकने में बहुत मददगार होते हैं। रोज यदि इसका सेवन किया जाए तो इससे मांसपेशियों मजबूत होती हैं और दर्द में भी आराम मिलता है। विटामिन बी 6 होमोसिस्टीन संग्रह को रोकता है, जिससे हृदय रोग जैसा जोखिम कम होतें हैं।

## इम्युन होता है मजबूत

रोज तीन शरीफा जरूर खाना चाहिए। इसे खाने से इम्युन जनित रोग होने की संभावना नहीं रहती है, वहीं बीमारियों से रिकवर होने में बहुत मदद मिलती है। इसे खाने से इम्युन सिस्टम बहुत मजबूत होता है जिससे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाती है।

## सुस्ती और थकान को करता है दूर

शरीफा खाने से न सिर्फ थकान, सुस्ती और कमजोरी दूर होती है मांसपेशियों में होने वाले दर्द से भी ये आराम दिलाता है।

### डायबिटीज और ब्लडप्रेशर नियंत्रित करता है

यह टाइप -2 डायबिटीज के जोखिम को कम करने के साथ शरीफा हाई और लो बीपी में भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें पोटैशियम और मैग्नीशियम काफी अच्छी मात्रा में होता है जिससे ये दो बीमारियां कंट्रोल में रहती है।

शरीफा को रोज सुबह या दोपहर में खाना ज्यादा श्रेयस्कर होता है। कोशिश करे कि एक साथ दो शरीफा जरूर खाएं।



# घनी पलकें ही नहीं दमकती, त्वचा के लिए भी फायदेमंद है एलोवेरा जेल

अगर आप अपनी लंबी घनी पलकों के साथ दमकती त्वचा का सपना देखती हैं तो एलोवेरा बिना आपकी जेब ढीली किए आपका ये सपना पूरा कर सकता है। महिलाओं की ऐसी ही सेहत और खूबसूरती से जुड़ी हर छोटी बड़ी परेशानी को ध्यान में रखते हुए वीमेन हेल्थ और केयर पर फोकस करने वाली वेलनेस साइट हेल्थ शॉट्स पर छपी रिपोर्ट के मुताबिक जानते हैं आखिर कैसे एलोवेरा का उपयोग करके आप घर पर पा सकते हैं पार्लर जैसा निखार।



## त्वचा का बचाव

एलोवेरा प्राकृतिक रूप से विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। एलोवेरा का नियमित इस्तेमाल त्वचा में कसावट लाने के साथ त्वचा की रंगत भी निखारता है।

**कैसे करें इस्तेमाल:** चेहरे को धोने के बाद रोजाना एलोवेरा रस को त्वचा पर दो बार लगाएं। आधे घंटे बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें।

## लंबी पलकों और भौंहों के लिए एलोवेरा

लंबी पलके और घनी भौंहों की चाहत अगर आप भी रखते हैं तो आपका ये सपना एलोवेरा पूरा कर सकता है।

**कैसे करें इस्तेमाल:** पलकों को घना बनाने के लिए एलोवेरा जेल को रूई या मस्करा लगाने वाली साफ छड़ी का उपयोग करते हुए पलकों और भौंहों पर लगाएं। 15 मिनट बाद इस जेल को भौंहों और पलकों से छुड़ाने के लिए ऐलोवेरा जेल में कुछ बूंदें जैतून के तेल की मिलाकर इस मिश्रण को अपनी पलकों पर लगाकर एक रूई की मदद से धीरे से पोंछ लें।

## त्वचा के लिए बेहतरीन मास्क

त्वचा में कसाव लाने के लिए एलोवेरा एक बेहतरीन मास्क है। इस मास्क को बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच बेसन दो चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल अच्छे से मिलाकर चेहरे पर लगा लें। अब 30 मिनट बाद चेहरे को धो लें।

## मुहांसों से निजात पाने के लिए एलोवेरा जेल

अगर आप भी अक्सर मुहांसों की समस्या से परेशान रहते हैं तो अब उन्हें अलविदा कहने का समय आ गया है। मुहांसों से निजात पाने के लिए सबसे पहले 40 मिली मिनरल वाटर, तीन चम्मच एलोवेरा जेल और दो बूंद टी ट्री ऑयल लें। अब इन सभी चीजों को एक छोटी सी स्प्रे बोतल में डालकर अच्छे से हिलाते हुए मिला लें। अब चेहरे पर जिस जगह मुहांसे हैं उस जगह पर इसे स्प्रे करके इसे सूखने दें। ऐसा करते समय अपनी आंखों को बचाकर रखें।

## रेसिपी



### मटर कुलचा

**सामग्री**

■ 2 कप सूखी मटर ■ बारीक कटी 2 हरी मिर्च ■ 1 कप बारीक कटा प्याज ■ 1 कप बारीक कटा टमाटर ■ एक नींबू का रस ■ 1/2 चम्मच अमचूर पाउडर ■ 2 चम्मच चाट मसाला ■ 3 चुटकी मीठा सोडा पाउडर ■ 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर ■ स्वादानुसार नमक ■ आधा कप बारीक कटा हरा धनिया

**विधि**

मटर को 6 से 7 घंटे पानी में भिगो दें। अब इसे प्रेशर कूकर में पानी डालकर मीठा सोडा पाउडर, हल्दी पाउडर और थोड़ा नमक मिलाकर उबाल लें। कूकर में 3-4 सीटी आने के बाद गैस धीमी कर दें और फिर 2 से 3 सीटी आने के बाद गैस बंद कर दें। कूकर का प्रेशर खत्म होने पर ही उसका ढक्कन खोलें और मटर को एक बड़ी चम्मच से अच्छी तरह चलाकर मैश कर लें। अब इसमें बारीक कटा प्याज, हरी मिर्च, टमाटर, चाट मसाला, अमचूर पाउडर और स्वादानुसार नमक मिलाकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर मटर में नींबू का रस मिलाकर 5 मिनट और मध्यम आंच में गैस पर रखकर पकाएं। गैस बंद कर दें, चटपटे मटर तैयार हैं, कुलचे के साथ इसे सर्व करें।

## रेसिपी



### मॉलिगेटॉनी सूप

**सामग्री**

■ 2 टीस्पून कुकिंग ऑयल ■ 2.5 कप रेडीमेड वेजिटेबल ब्रोथ ■ ½ कप लाल मसूर की दाल ■ ¼ कप चावल ■ 2 टुकड़ों में कटी गाजर ■ 2 बारीक कटी सेलेरी स्ट्रिक्स ■ 2 बारीक कटे टमाटर ■ 1 बारीक कटा सेब ■ ½ कप बारीक कटा प्याज ■ 1 टीस्पून गार्लिक पेस्ट ■ गार्निशिंग के लिए कुछ भुने हुए करी पत्ते।

**विधि**

2 टीस्पून कुकिंग ऑयल, 2.5 कप रेडीमेड वेजिटेबल ब्रोथ, ½ कप लाल मसूर की दाल, द कप चावल, 2 टुकड़ों में कटी गाजर, 2 बारीक कटी सेलेरी स्ट्रिक्स, 2 बारीक कटे टमाटर, 1 बारीक कटा सेब, ½ कप बारीक कटा प्याज, 1 टीस्पून गार्लिक पेस्ट, गार्निशिंग के लिए कुछ भुने हुए करी पत्ते।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 1835




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 1834 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मालकिन ने नई नौकरानी से पूछा- 'देखो ! मैं ज्यादा बातचीत नहीं करती. अगर मैं अंगुली से इशारा करूँ तो समझ लो कि मैं बुला रही हूँ.'

इस पर नौकरानी बोली-'जी ! मैं भी बहुत कम बोलना पसन्द करती हूँ. अगर मैं अपना सिर हिला दूं तो समझ जाइये कि मैं नहीं आ सकती.'

□ □ □

जेल की एक कोठरी में बैठे तीन कैदी बता रहे थे कि वे क्यों पकड़कर बन्द कर दिये गए ?

पहला-'मै चुनाव में राजनारायण के पास में काम कर रहा था !'

दूसरा-'और मैं राजनारायण के खिलाफ काम कर रहा था !'

तीसरा-'राजनारायण मैं खुद हूँ.'

□ □ □


प्रेमिका बोली, ''मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह न करूंगी जो झूठ बोलता हो.''

प्रेमी बोला, ''तब तो तुम सारा जीवन कुंवारी रहोगी.''

□ □ □

मंत्री जी ने अस्पताल के नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा-''भाइयों, ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एक अच्छी बात है. इतने बड़े अस्पताल में रोगियों के मनोरंजन के लिए उनका अपना थिएटर होना बहुत जरूरी है.''

## फिल्म वर्ग पहेली- 1835



**बायें से दायें:-**

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरान, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कही थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७.शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचलै नचलै' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका ?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५.विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 1834

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| य | स | बॉ | स | | ह | मे | शा | | स |
| हू | | र्ड | | गॅ | की | | | खौ | फ |
| दी | दा | र | | | क | स | क | | र |
| | मि | | की | म | त | | री | ना | |
| सु | नी | ल | | र्या | | हि | ना | | कि |
| जा | | व | ही | दा | | म्म | | जि | स्म |
| ता | ल | | रो | | सौ | त | न | | त |
| | ल | म्हे | | सौ | दा | | ज | या | |
| शा | का | | जीं | | ग | | श | | प्या |
| का | र | तू | स | | र | वी | ना | | सा |

## सूडोकु -1835


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1834 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 1835



**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली - 1834 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | फ्त | |